सुप्रभात
रांची, बुधवार
21.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 158



12 सनी लियोनी ने करवाया बोल्ड फोटोशूट

# संसद में सीएम पर अभद्र टिप्पणी, झारखंड का अपमान

## विधानसभा में भारी हंगामा, निंदा प्रस्ताव की मांग, स्पीकर बोले- विधि सम्मत कार्रवाई होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी सदन जोरदार ढंग से गरमाया। कांग्रेस के प्रदीय यादव ने सूचना के तहत कहा कि संसद में भाजपा के एक सांसद (निशिकांत दुबे की ओर इशारा) ने लोकसभा में सीएम हेमंत सोरेन को दुष्कर्मी कहा है, यह झारखंड के सवा तीन करोड़ जनता का अपमान है। उन्होंने कहा कि खुद जो अपनी बहन से शादी रचाया हो उसे नैतिकता की बात नहीं कहनी चाहिए। हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने भी कहा कि यह गंभीर मसला है और इस पर निंदा प्रस्ताव लाया जाना चाहिए। हालांकि, हो हंगामे के पीछे स्पीकर ने प्रश्नकाल को जारी रखने की पूरी कोशिश की। इस बीच झामुमो के सुदिव्य सोनू ने भी सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सांसद के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने पर जोर डाला। इस पर स्पीकर ने कहा कि वो विचार करने के बाद विधि सम्मत फैसला लेंगे। मालूम हो कि सीएमओ की तरफ से ट्वीट कर जानकारी दी गयी है कि लोकसभा में सांसद निशिकांत दुबे ने सीएम के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया था, उसे रिकॉर्ड से हटा दिया गया है। सांसद के इस अमर्यादित टिप्पणी की राज्य सरकार ने कड़ी निंदा की है।

( विधानसभा की खबरें पेज 2 पर भी)

## शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ा



**शीतकालीन** सत्र के दूसरे दिन विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 8,533.89 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। इसी दौरान राजभवन की आपत्तियों के आलोक में तीन विधेयक भी वापस लिए गये।

प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होते हुए मुख्य विपक्षी दल भाजपा के विधायक वेल में आ पहुंचे और नियोजन नीति रद्द होने से युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ का हवाला देकर सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। इसी बीच स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने अल्पसूचित प्रश्न के तहत शशिभूषण मेहता का नाम पुकारा। लेकिन, विपक्षी सदस्य बेल पर पहुंच कर हंगामा करने लगे। इसके कारण श्री मेहता अपने सवाल का जवाब नहीं सुनने की बात कही। इसके बाद स्पीकर ने बिरंची नारायण को प्रश्न पूछने के लिये पुकारा। लेकिन, श्री नारायण ने प्रश्न नहीं पूछा। इसके बाद स्पीकर ने सरयू राय से प्रश्न पूछने को कहा। (शेष पेज 11 पर)

## नियोजन नीति रद्द कराने में यूपी बिहार के लोगों की साजिश : हेमंत



**मंगलवार** को सदन की कार्यवाही 12.45 बजे शुरू होते ही विपक्ष का शोरगुल शुरू हो गया। उधर, सत्ता पक्ष के इरफान अंसारी व अन्य भी अखबार लहराते हुए बेल पर पहुंच गये। दोनों ओर से हंगामा बढ़ता गया। स्पीकर ने बार-बार सदस्यों को अपने सीट पर बैठने का आग्रह किया। बावजूद इसके पक्ष-विपक्ष के सदस्य शोरगुल करते रहे। हंगामे के बीच स्पीकर की अनुमति से सदन नेता हेमंत सोरेन बोलने के लिये खड़े हुए। इसके बाद सत्ता पक्ष के विधायक अपने सीट पर बैठ गये। सीएम ने कहा कि हाई कोर्ट में नियोजन नीति रद्द कराने में यूपी-बाहर के लोगों की साजिश है। एक आदिवासी को आगे कर 19 लोगों ने नियोजन नीति रद्द कराने की साजिश रची। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि नियोजन नीति रद्द की। इसके पहले रघुवर सरकार की नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसके पहले बाबूलाल मरांडी की नियोजन नीति को भी हाइकोर्ट ने निरस्त किया था।

उन्होंने विपक्ष के हंगामे के बीच भाजपा पर तंज कसा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विपक्षी सदस्यों ने भी नियोजन नीति के मुद्दे पर राज्यपाल से मिलने की सहमति दी थी, बाद में मुकर गये।

(शेष पेज 11 पर)

### न्यूज डायरी

#### चीन में कोरोना से तबाही भारत में आज समीक्षा बैठक

**नयी दिल्ली।** चीन में कोरोना से हाहाकार के बीच केंद्र सरकार ने बुधवार को समीक्षा बैठक बुलायी है। चीन के साथ ही अमेरिका, रूस जापान और कोरिया समेत कई देशों में कोरोना के मामले फिर बढ़ रहे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह समीक्षा बैठक बुलायी है। केंद्र ने पहले ही पत्र लिख सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना के केसों की जीनोम सिक्वेसिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है।

#### चिप्स लदा 13 ओवरलोड ट्रक और हाईवा जब्त

**गोड्डा ।** मेहरमा में मंगलवार को पुलिस ने छापामारी कर ओवरलोड चिप्स लदे 13 ट्रक और हाइवा को जब्त किया है। यह सभी वाहन बिना माइनिंग चालान लिए चल रहे थे। छापामारी की सूचना मिलते ही वाहन चालक फरार हो गये। ये सभी वाहन साहिबगंज के मिजाचौकी से ओवर लोड चिप्स लेकर भगैया-मेहरमा होते हुए बिहार सीमा की ओर जा रहे थे। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध धंधेवाजों में हड़कंप है।

#### इंग्लैंड ने पाकिस्तान को क्लीन स्वीप किया

**कराची।** इंग्लैंड ने रेहान अहमद (48/5) के पंजे और बेन डकेट (82 नाबाद) के अर्द्धशतक के दम पर मंगलवार को तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान को आठ विकेट से रौंदकर तीन मैचों की शृंखला 3-0 से जीत ली। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 167 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद यह पिछले 10 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की नौवीं जीत है, जबकि इससे पहले 17 टेस्ट में उन्हें सिर्फ एक जीत मिली थी।

#### पाक में गैस सिलेंडर फटने से 12 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिम में बलूचिस्तान प्रांत के लासबेला जिले के एक बाजार में गैस सिलेंडर फटने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी और 13 अन्य झुलसे। मीडिया ने यह जानकारी मंगलवार को दी। एक दुकान में रिफिलिंग के दौरान एक सिलेंडर फट गया जिससे एक बड़ा विस्फोट हुआ और लासबेला जिले के बेला इलाके में आस-पास की दुकानों में आग फैल गयी।

#### रांची में अपहृत युवक बांका से सकुशल बरामद

**रांची।** रांची पुलिस ने दो करोड़ रुपये के लिए अपहरण किये गये युवक को बिहार के बांका से सकुशल बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीआईटी मेसरा ओपी में रहने वाले राहुल कुमार वर्मा का बरियातू से अपहरण हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित पुलिस की टीम ने बिहार के बांका से राहुल को सकुशल बरामद कर लिया हैं।

#### मोटे अनाज को बढ़ावे का जनांदोलन चलायें : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने भाजपा सांसदों से आह्वान किया कि वे अपने भोजन में ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज का खाना खायें और देश में भी इसके प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए जनांदोलन चलाएं। पीएम मोदी ने मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक में यह आह्वान किया। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा पार्टी के तमाम बड़े नेता शामिल थे।


#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,500 रु./प्रति किलो |

### हाइकोर्ट ने जेपीएससी को लगायी फटकार, कहा

## शीघ्र मार्क्स जारी करें नहीं तो अवमानना की कार्यवाही होगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड पब्लिक सर्विस कमीशन (जेपीएससी) को कड़ी फटकार लगायी है। सातवीं से दसवीं सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों के मार्क्स स्टेटमेंट, कट ऑफ मार्क्स का ब्योरा और अन्य जरूरी सूचनाएं अब तक जारी नहीं किये जाने पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी जाहिर की। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मंगलवार को जेपीएससी को आदेश दिया कि वह 3 सप्ताह के भीतर ये सभी सूचनाएं वेबसाइट पर अपलोड करे, अन्यथा कोर्ट में स्वतः अवमानना का मामला चलेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने सोनू कुमार रंजन व अन्य की ओर से दायर रिट याचिका पर 13 दिसंबर को सुनवाई करते जेपीएससी को सातवीं से दसवीं जेपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन में अभ्यर्थियों का मार्क्स स्टेटमेंट, कट ऑफ मार्क्स आदि एक सप्ताह के भीतर वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया था। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान 13 दिसंबर को कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर ये ब्योरे वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने जेपीएससी सिविल सर्विस के अभ्यर्थी सोनू कुमार रंजन और अन्य की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया।

(शेष पेज 11 पर)

#### अपरेश सिंह ने कार्यवाहक सीजे का पदभार संभाला

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस अपरेश कुमार सिंह झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बन गये हैं। उन्होंने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इस संबंध में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने नोटिस जारी किया गया है। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन के सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को कार्यवाहक बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 दिसंबर को केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को 20 दिसंबर से मुख्य न्यायाधीश के कार्यों का दायित्व संभालने संबंधी निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार के केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार हाई कोर्ट के वरीय जज होने के तहत जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### सीएम के नेतृत्व में राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल

## नयी स्थानीय नीति व आरक्षण बिल को शीघ्र मंजूरी की गुहार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवायी में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। राज्यपाल से 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीय नीति और आरक्षण संशोधन विधेयक पर जल्द सहमति देने का आग्रह किया। ताकि, दोनों बिल को मंजूरी के लिए केंद्र को भेजा जा सके। प्रतिनिधिमंडल को राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि दोनों विधायकों पर वे गंभीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं। शिष्टमंडल में सीएम के साथ वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री आलमगीर आलम, नलिन सोरेन, जोबा माझी, राधाकृष्ण किशोर, मिथलेश ठाकुर समेत 40 सदस्य थे।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीएम ने कहा कि झारखंड के युवाओं को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए पहले भी कई बार नीतियां बनीं, लेकिन, हर बार हाइकोर्ट के द्वारा नीतियों को रद्द कर दिया गया। इस बार कुछ ऐसा ही प्रयास किया गया। राज्य में कुछ ऐसी षडयंत्रकारी शक्तियां हैं जो झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के अधिकारों पर रोड़ा अटकायेंगे। इसे रोकने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीति के विरोध में जो 20 लोग शिकायकर्ता बने। उनमें से एक को छोड़ शेष 19 लोग दूसरे राज्यों से तालुल्क रखते थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और आरक्षण संशोधन विधेयक को विधानसभा से पारित करा कर केंद्र की नौंवी अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। अगर ये विधेयक 9वीं अनुसूची में शामिल हो जाते हैं तो यहां के स्थानीय लोगों को एक मजबूत कवच प्रदान हो जायेगा। वर्तमान में विधेयक राज्यपाल के पास है।

#### राज्यपाल से मांग

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिलकर यह मांग की है कि दोनों विधेयकों को जल्द नौवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए केंद्र सरकार को भेजने का काम करें। युवाओं से कहा है कि वे नियोजन नीति को लेकर किसी प्रकार की चिंता नहीं करें। सरकार ने आज राज्यपाल से मिल कर इस बात को रखा है कि नियोजन नीति में किसी भी तरह का उल्लंघन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि दोनों विधायकों पर वे गंभीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं।

## कड़ी सुरक्षा में रेबिका की अंत्येष्टि

### रेबिका पहाड़िन हत्याकांड

**साहिबगंज (खबर मन्त्र संवाददाता)।** साहिबगंज जिले के बोरियो की रबिता उर्फ रुबिका पहाड़िन की मंगलवार को गोंडा पहाड़ में कड़ी सुरक्षा के बीच रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार डिप्टी कमिश्नर रामनिवास यादव और एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा भी मौजूद रहे। शव यात्रा में डीसी-एसपी भी शामिल रहे। प्रशासन की मौजूदगी में रुबिका को मिट्टी दी गयी और उसे ताबूत में दफना दिया गया। डीसी रामनिवास यादव ने रबिता के परिजन को नौकरी देने की बात कही है। अंतिम संस्कार क्रिस्चियन रीति-रिवाज के अनुसार हुआ। इस मौके पर आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

(शेष पेज 11 पर)

### डीसी ने नौकरी देने की कही बात एसपी बोले कोई दोषी नहीं बचेगा

#### मर्डर से पहले हुआ था रेप

रिबिका हत्याकांड मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रिबिका गर्भवती थी। हत्या से पहले दिलदार के मामा और उसके सहयोगी ने रिबिका के साथ रेप किया था। रिबिका शादीशुदा थी और उसकी पांच साल की बेटी भी है। अब तक इस मामले में 10 आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि आरोपियों ने गुनाह कबूल किया है। एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने फोन पर बताया कि हम इन सभी मामलों की जांच कर रहे हैं। इसके बाद ही कुछ तय हो पायेगा। रिबिका के गर्भवती होने के सवाल पर एसपी ने कहा- हम जांच पूरी होने के बाद ही आधिकारिक तौर पर टिप्पणी कर सकेंगे। क्या रिबिका की हत्या से पहले उसके साथ रेप हुआ था? इस सवाल पर भी एसपी ने कहा- मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही इस पर टिप्पणी की जा सकेगी।

## कश्मीरी पंडित के हत्यारे लश्कर के 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शोपियां के मुंज मार्ग इलाके में मंगलवार सुबह सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया। ये आतंकी कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की हत्या में शामिल थे। मारे गये आतंकियों के पास से एक एके 47 राइफल समेत कई हथियार और गोली बारूद मिले हैं। आतंकी लतीफ लोन शोपियां का रहने वाला था, जो कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की हत्या में शामिल था और अनंतनाग का उमर नजीर नेपाल के तिल बहादुर थापा की हत्या में शामिल था। दिवंगत पूरन कृष्ण भट्ट की पत्नी ने कहा कि आज शोपियां में एक मुठभेड़ में उनके पति की हत्या में शामिल आतंकवादी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया। हमें न्याय मिला है। ऐसा होना ही था, क्योंकि उसने एक निर्दोष व्यक्ति को मार था। सुरक्षा बलों ने अच्छा काम किया। कश्मीरी पंडित पूरन कृष्ण भट्ट की इस साल 15 अक्टूबर को आतंकियों ने हत्या कर दी थी। एक साल में अबतक राज्य में 24 हिंदुओं की हत्या हो चुकी है।

# चीन से विवाद के बाद अब एलएसी पर तैनात होगी प्रलय

## 500 किमी तक है सटीक मारक क्षमता, रात में भी अचूक निशाना

### चीनी डोंगफेंग मिसाइल के मुकाबला की तैयारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना पहली बार टैक्टिकल ऑपरेशंस के लिए प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल की तैनाती करने की तैयारी में है। यह मिसाइल 150 से 500 किलोमीटर तक अपने टारगेट कोसटीक निशाना बना सकती है। भारत-चीन सीमा पर इस मिसाइल की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। अगले हफ्ते एक हाई लेवल मीटिंग में इसे मंजूरी मिल सकती है। भारत की तीनों सेनाएं इस समय रॉकेट



फोर्स बनाने के प्रयास में है। दिसंबर 2021 में लगातार दो दिन में दो बार इस मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। तब से भारतीय सेना में इसे शामिल करने की कवायद जारी है। प्रलय चीन की डोंगफेंग मिसाइल का मुकाबला करेगी। खास बात यह है कि इससे रात को भी हमला किया जा सकता है।

**जमीन से जमीन पर सटीक मार कर सकती है प्रलय :** प्रलय जमीन से जमीन पर मार करने वाले क्वासी मिसाइल है। प्रलय मिसाइल में सॉलिड प्रोपेलेंट वाला रॉकेट मोटर लगा है। इसमें नयी टेक्नोलॉजी के गाइडेंस सिस्टम में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेविगेशन एंड इंटिग्रेटेड एवियोनिक्स भी लगाया गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो प्रलय के निर्माण की बात 2015 से ही चल रही थी। उ्फ्र्ळ्ड ने अपने वार्षिक रिपोर्ट में इस मिसाइल का जिक्र किया था। हाल ही में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत रॉकेट फोर्स बनाने पर काम कर रहे थे, ताकि सीमा पर दुश्मन को काउंटर किया जा सके। प्रलय मिसाइल की तैनाती इसी मिशन का हिस्सा है।

**डोंगफेंग मिसाइल का मुकाबला करेगी प्रलय :** चीन के पास प्रलय के स्तर की डोंगफेंग 12 मिसाइल है, जबकि, पाकिस्तान के पास गजनवी, एम-11 और शाहीन मिसाइल है। गजनवी, एम-11 पाकिस्तान को चीन से मिली है। गजनवी 320 किलोमीटर, एम-11 350 किलोमीटर और शाहीन 750 किलोमीटर रेंज कि मिसाइलें हैं। (शेष पेज 11 पर)

## भाकपा माओवादी को झटका एरिया कमांडर का सरेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले में 12 वर्षों से सक्रिय भाकपा माओवादी संगठन के एरिया कमांडर कुलदीप उर्फ कुलदीप गंझू उर्फ टुईलू ने मंगलवार को पुलिस लाइन में हथियार के साथ सरेंडर कर दिया। इससे भाकपा माओवादियों को गहरा झटका लगा है। कुलदीप भाकपा माओवादी संगठन के केन्द्रीय कमेटी सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ सागर की टीम के सक्रिय एवं विश्वासपात्र सदस्य था। सरेंडर के बाद उसने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति के कारण उसने

### मां के साथ सामान्य जीवन जीने की इच्छा है : कुलदीप गंझू

पहले ही सरेंडर का मन बना लिया था। अब वह अपनी मां के साथ सामान्य जिंदगी जीना चाहता है। इस मौके पर कोल्हान अजय लिंडा, डीआइजी सीआरपीएफ पुरन चंद, एसपी चाईबासा आशुतोष शेखर , एएसपी कपिल चौधरी, एसडीपीओ दिलीप खलखो, डीएसपी सुधीर कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी सीआरपीएफ के अधिकारी उपस्थित थे।

(शेष पेज 11 पर)

# सदन में ₹8533 करोड़ का अनुपुरक बजट पेश

## रामेश्वर उरांव ने पेश किया अनुपूरक बजट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने चालू वित्त वर्ष के लिए 8533 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट पर आज सदन में चर्चा के बाद पारित कराया जाएगा। इस बजट में सबसे ज्यादा राशि का प्रावधान ऊर्जा विभाग के लिए किया गया है।

- ऊर्जा विभाग - 2733 करोड़ रुपये
- कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग- 595 करोड़ रुपये
- खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता विभाग- 197 करोड़ रुपये
- स्वास्थ्य ए चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग- 434 करोड़ रुपये
- गृह, कारा एवं आपदा विभाग- 220 करोड़ रुपये
- श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग- 160 करोड़ रुपये
- ग्रामीण विकास विभाग- 217 करोड़ रुपये
- नगर विकास एवं आवास विभागरू 251 करोड़ रुपये
- अल्पसंख्यक कल्याण विभाग- 1058 करोड़ रुपये
- ग्रामीण कार्य विभाग- 350 करोड़ रुपये
- महिला बाल विकास विभाग- 1158 करोड़ रुपये


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
### कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग

Phone No - 06546270752 * E-Mail - dao.hazaribagh@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य सरकार के अधीन मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, हजारीबाग में वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्य योजना अन्तर्गत कृषि प्रयोगशालाओं की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण योजना के अन्तर्गत मशीन, उपकरण, रसायन आदि के क्रय हेतु निर्माता/ निबंधित प्रतिष्ठान/ निबंधित आपूर्तिकर्त्ता/ अधिकृत विक्रेताओं से दो बीड सिस्टम (तकनीकी बीड एवं प्राईस बीड) के अनुसार दो अलग–अलग बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

मुहरबंद निविदा जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग के पदनाम से प्राप्त किया जायेगा।

निविदादाताओं को निविदा के साथ अग्रघन राशि के रूप में जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग के नाम से 2,500/– (दो हजार पाँच सौ रूपये) का बैंक डी0डी0 जमा करना होगा। मशीन, उपकरण एवं रसायनों के नाम की सूची , तकनीकी विवरण एवं विविदा की शर्तें मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, हजारीबाग के कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्रकाशन की तिथि से दिनांक 07.01.2023 के 5:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जा सकती है।

निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 09.01.2023 के 2:00 बजे अपराह्न तक जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा आमंत्रित किया जाता है एवं निविदा दिनांक 10.01.2023 के अपराह्न 2:30 बजे जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में खोला जाएगा।

बिना कारण बताये निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी, हजारीबाग।

PR 285462 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23)D



## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

**ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDD/SD/HZB/25/2022-23

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB /25/2022-23 | बड़कागांव | बड़कागांव प्रखण्ड के जरजरा चौक से ग्राम पेटोमेढ़ा तक कालीकरण पथ का मरम्मति कार्य। | 9876300.00 | 198000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 27.12.2022 से 05.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 06.01.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 07.01.2023 अपराह्न 02.00 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–8986648686
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 285524 Rural Development(22-23).D



## झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 183/2022-23/RWD/KODERMA दिनांक :- 19.12.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ KODERMA/ 03/2022-23 | ग्राम सिमराटांड़ से महुगाय होते हुए ग्राम बीघा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 5.100 कि0मी0) | 4,70,72,100.00 | चार करोड़ सत्तर लाख बहत्तर हजार एक सौ रू0 मात्र | 18 माह |
| 2. | RWD/ KODERMA/ 04/2022-23 | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दुधपनिया (बच्छेडीह) से पंचायत भवन होते हुए मेन रोड कटरियाटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.000 कि0मी0) | 2,00,40,900.00 | दो करोड़ चालीस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 29.12.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 11.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, कोडरमा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 12.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 16.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा के पक्ष में एवं कोडरमा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR285536 (Rural Work Department)22-23*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना**

(1st call PR No 272618 & 284054)

T. Reference No. :- Different Tolas SVS - 08/2022-23 (4th call) Date 20.12.2022

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility under J.J.M . | | | | |
| 1.3 | BANPUR SVS GROUP OF SCHEME (ANGARA BLOCK) | 1,43,48,333 | 2,87,000.00 | 10000.00 | 7 Months |
| 1.6 | JARGA SVS GROUP OF SCHEME (ANGARA BLOCK) | 1,32,07,253 | 2,64,200.00 | 10000.00 | 6 Months |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 22.12.2022/04.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 22.12.2022/04.00 PM. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 22.12.2022/04.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 28.12.2022/05.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 28.12.2022/05.00 PM. | | | |
| 7. | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 29.12.2022/01.00 PM. | | | |
| 8. | Date of Opening of Tender | 30.12.2022/11.00 AM. | | | |
| 9. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 10. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 11. | Contact No. Of Procurement Office | 0651-2480155 | | | |
| 12. | Helpline No. Of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

नोटः–1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट –http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची

PR 285477 Drinking Water and Sanitation(22-3).D


### राज्य स्तरीय सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहिया दीदी सम्मानित

# केन्द्र और राज्य मिलकर बढ़ायेंगे सहियाओं का मानदेय: बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार और एकजुट संस्था के तत्वावधान और चिल्ड्रेन इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन के सहयोग से रिम्स ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय सहिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के सभी प्रखंडों से लगभग 700 सहियाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली सहियाओं को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सहिया और विभाग के बीच में बेहतर समन्वय स्थापित हो, इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की 42464 सहिया बहनों पर हम सभी को नाज है।

मौके पर निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ कृष्ण कुमार, रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पद्मश्री मुकुंद नायक, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, अपर अभियान निदेशक पंकज, एकजुट संस्था की डॉ निर्मला और प्रशांत त्रिपाठी मौजूद थे।



### मंत्री ने रघुवर सरकार पर साधा निशाना

बन्ना ने पूर्ववर्ती सरकार पर निशाना साधा। उस सरकार ने लाठी से मारने का काम किया था, लेकिन हमारी सरकार ने सहियाओं का मुंह मीठा कराया है। सहिया स्वास्थ्य की दिशा और दशा की मजबूत कड़ी हैं। यही वजह है कि शिशु और मातृ मृत्यु दर में कमी आयी है। संस्थागत प्रसव में हमारे राज्य ने बेहतर प्रदर्शन किया है। कुपोषण दूर करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई है और क्रियान्वयन में सहियाओं की भूमिका अहम रही है। बन्ना ने कहा कि सहियाओं को दो हजार रुपये मानदेय बहुत कम है। भारत सरकार ने सहियाओं के मानदेय बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच रखा है।

**जमीनी स्तर पर काम करती है सहिया बहने : शिल्पी नेहा तिर्की**

मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सहिया जमीनी स्तर पर काम करती है। यही वजह है कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुआ है।

### इन्हें किया गया सम्मानित

स्वर्ण सहिया के रूप में पलामू की मीणा देवी को एक हजार रुपए का विशेष प्रोत्साहन राशि प्रति माह दी जाएगी। इन्हें शॉल, बैच और बंडी पहनाकर उत्साहवर्धन किया गया, जबकि हजारीबाग के बरही की सरिता देवी को भी मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया है। वहीं, रजत सहिया के रूप में दुमका की मदीना खातून, कांशय सहिया के रूप में रांची की अंजू देवी को सम्मानित किया गया है। श्वेता सहिया के रूप में पश्चिमी सिंहभूम की प्रतिमा बोदरा को भी सम्मानित किया गया।

### स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है सहिया बहनें

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सहिया बहनें राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रम की रीढ़ हैं। इन्हें और सुदृढ़ कैसे किया जाए इस पर विभाग काम कर रही हैं। हमारा यही प्रयास है कि सहियाओं का उत्साह बढ़ाया जाए। इनका सम्मान जरूरी है. राज्य सरकार ने बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया है, ताकि ये सभी और भी बेहतर तरीके से काम कर सके। अरुण ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर पर प्रकाश डाला। कहा कि नवजात शिशुओं और माताओं की मौत को रोकना हम सभी का प्रमुख उद्देशय है। सहियाओं को टैब दिया जाएगा।, जिससे सूचनाओं का आदान प्रदान बेहतर तरीके से हो सके। साथ ही दवाओं का किट देने की भी योजना है। गर्भवती महिलाओं और नवजात के स्वास्थ्य, बच्चों के टीकाकरण को लेकर भी सहियाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सहियाओं से फीडबैक भी लिया जाएगा, ताकि समस्याओं को दूर किया जा सके। बंद पड़े पीएचसी में डॉक्टरों की नियुक्ति होगी ताकि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो सके।

### सहिया कांति देवी ने मृतप्राय बच्चे को दिया जीवनदान

गढ़वा से आयी सहिया कांति देवी ने मृतप्राय नवजात को जीवनदान देने का काम किया है। 17 अक्टूबर को सोनम देवी का पहले बच्चे का प्रसव हुआ था। बच्चे का रंग नीला पड़ गया था। एएनएम ने कहा कि बच्चा मर चुका है लेकिन मैंने महसूस किया कि उसका शरीर गर्म है। एएनएम से पूछकर मुंह पर कपड़ा रख कर 10 से 15 मिनट सांस देने पर बच्चे के शरीर में हरकत होने लगी। इसके बाद जपला के हॉस्पिटल में उसे एडमिट कराया। 8वें दिन बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी और अब वह स्वस्थ है।

# राज्य में बाल संरक्षण अधिकार पर पर्याप्त तरीके से कार्य नहीं हो रहा है : कानूनगो

**एनजीओ मिराकल फाउंडेशन के साथ किए गये एमओयू की मांगी कॉपी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने झारखंड में जुवेनाइल एक्ट (केयर एंड प्रोटेक्शन) के प्रावधानों के उल्लंघन की शिकायतों को गंभीरता से लिया है। इसे लेकर राज्य के मुख्य सचिव व महिला बाल विकास विभाग के सचिव को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि झारखंड सरकार और यूनिसेफ दोनों के बारे में गंभीर शिकायतें मिल रही है। राज्य में बाल संरक्षण अधिकार पर पर्याप्त तरीके से कार्य नहीं हो रहा है। आयोग को यह शिकायत मिली है कि झारखंड सरकार और यूनिसेफ एक यूएस बेस एनजीओ मिराकल फाउंडेशन के साथ मिलकर काम कर रही है। इस एनजीओ के साथ कई बच्चों की जानकारी भी शेयर की गयी है,जिनका डाटा भी पूरी तरह से वेरीफाइ नहीं किया गया है। आयोग को यह शिकायत मिली है कि किन्हीं विवादों से फंसे इन बच्चों की जानकारी देना सही नहीं है कि क्योंकि इससे उनका शोषण बढ़ सकता है। बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने राज्य सरकार से पांच बिंदुओं पर जानकारी भी मांगी है। यूनिसेफ, झारखंड सरकार और एनजीओ मिराकल फाउंडेशन के बीच हुए एमओयू का कॉपी देने को कहा है। मिराकल फाउंडेशन के बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। वैसे सारे बच्चों का नाम और डाटा उपलब्ध कराने को कहा है जो जिन्हें सरंक्षण की जरूरत है और जिसकी जानकारी एनजीओ मिराकल के साथ शेयर की गयी है। इसके अलावा 93 लोगों की भी सूची देने को कहा है जो इस तरह के डाटा कलेक्शन में लगे हुए हैं। सभी कर्मियों को वेतन भुगतानकरने को कहा है। आयोग ने सारे बिंदुओं पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट सात दिनों के अंदर उपलब्ध कराने को कहा है।

**छह माह से कर्मियों को वेतन भी नहीं :** आयोग को यह भी शिकायत मिली है कि करीब छह माह से चिल्ड्रेन होम में काम कर रहे कई कर्मियों को वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। इस वजह से वे काफी परेशानी में हैं। ऐसे में चाइल्ड प्रोटेक्शन स्कीम के तहत राज्य सरकार का ही यह जिम्मा है कि वे इन कर्मियों को वेतन का भुगतान करें ऐसे में राज्य सरकार को इस पर अविलंब ध्यान देना चाहिए।

### तीन विधेयक सरकार ने लिये वापस

**रांची।** राज्य सरकार ने तीन विधेयकों को वापस लेने की घोषणा सदन में की है। मंगलवार को झारखंड वित्त विधेयक 2021 को वापस लिया गया। यह विधेयक विधानसभा से 9 सितंबर को वित्त विधेयक 2021 पारित हुआ था। जिसे राज्यपाल ने कई त्रुटियों के कारण वापस किर दिया था। इसके अलावा झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन, संवर्धन और सुविधा विधेयक 2022 भी वापस लिया। यह विधेयक 24 मार्च 2022 को विधानसभा से पारित हुआ था। विधेयक के कुछ बिंदुओं पर आपत्ति करते हुए राज्यपाल ने इसे सरकार को वापस कर दिया था। झारखंड कराधान अधिनियमों की बकाया राशि का समाधान विधेयक 2022 अगस्त 2022 में पारित हुआ था। इस विधेयक को 15 सितंबर को राज्यपाल रमेश बैस ने आपत्ति के साथ बिना स्वीकृति के राज्य सरकार को लौटा दिया था। इसे भी सरकार ने वापस लिया।

### सरयू ने उठाया शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला

**रांची।** विधायक सरयू राय ने विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के तहत सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों और प्राचार्यों की नियुक्ति और प्रोन्नति का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर के हिंदुस्तान मित्र मंडल मीडिल स्कूल में कुमार संदेश नाम के एक शिक्षक की नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर की अवहेलना हुई है। इतना ही नहीं संदेश को अनियमित रूप से स्कूल का प्रभारी प्राचार्य भी बना दिया गया है। उन्होंने सरकार से स्कूल की प्रबंधकारिणी समिति भंग करने और शिक्षक की नियुक्ति रद्द करने की मांग की। जिसपर सरकार की ओर से कहा गया कि प्रोन्नति विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा दी जाती है। समिति के द्वारा ही सहमति प्राप्त कर कुमार संदेश को प्राचार्य बनाया गया है। सरयू राय सरकार के जवाब से संतुष्ट नहीं हुए। उनके पूरक सवाल पर मंत्री जगरनाथ महतो ने प्रबंध समिति भंग करने का आश्वासन दिया।

### केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री से मिले राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

**रांची।** दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और प्रो सूरज मंडल मिले। उनसे मुलाकात कर ओबीसी समुदाय की समस्याओं से अवगत कराया व न्याय की मांग की। प्रमुख मांगों मेंओबीसी समुदाय को जनसंख्या अनुपात में 52% आरक्षण देने, केंद्रीय विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, आईआईटी, आईआईएम कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति में, छात्रों के एडमिशन में रोस्टर के गैर पालन और प्रोफेसर के प्रमोशन में एससी, एसटी और ओबीसी के साथ भेदभाव और उनकी प्रताड़ना के संबंध में कार्रवाई करने की मांग की। श्री गुप्ता ने बताया कि विभिन्न मांगों को गंभीरता से सुनने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड सरकार को पहले अपने राज्य में ओबीसी को आरक्षण बढ़ा कर लागू के बाद वो केंद्र को भेजते लेकिन यह ओबीसी समुदाय के साथ धोखा है। दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालय संबंधित विसंगति को दूर करने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलकर समाधान करने का आश्वासन दिया।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/ F2-23/2022-23

Letter no - 1342 Date :- 20.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Bardewa-II Lift Irrigation Scheme (Solar panel System) at Village Bardewa, Block - Padma, Dist -Hazaribag. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 98,39,587.00 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on website | 06.01.2023 at 3:00 P.M |
| 5. | Last date/Time for Submission of bids | 16.01.2023 up to 5:00 P.M |
| 6. | Date of opening of e-Tender | 19.01.2023 at 03:00 P.M |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 8 (a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485<br>eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651- 2214784 |
| 10 | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 17.01.2023 up to 5:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. Executive Engineer, Minor Irrigation Design Division, Ranchi. |

Note:- Only e-Tender will be accepted.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 285541 (Minor Irrigation)22-23*D


### शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन भी रहा हंगामेदार

# शीतकालीन सत्र : सदन में पक्ष-विपक्ष के धींगामुश्ती में उड़ा जनता का सवाल

**झारखंड विस के इतिहास में पहली बार पक्ष–विपक्ष एक साथ आमने–सामने बेल पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे, ताली बजाते रहे**

**मंगलवार को स्पीकर रवींद्र नाथ महतो भी सदन चलाने में लाचार दिखे, पांच मिनट भी आर्डर में नहीं रहा सदन**



उदय चौहान

**रांची।** राजनीति का गड़बड़झाला ऐसा कि सब कुछ हवा में उड़ जाता है। सदन में भी मंगलवार को पक्ष-विपक्ष की धींगामुश्ती में जनता का सवाल उड़ गया। बेल पर आकर पक्ष-विपक्ष के सदस्यों ने आकर जमकर नारेबाजी की और ताली बजायी। इस प्रकार का दृश्य विधानसभा में अभूतपूर्व कहा जा सकता है। हो-हंगामे के कारण जनता का सवाल हवा-हवाई हो गया। दोनों ओर से हो रही हंगामें के चलते जनहित के मुद्दे पूरी तरह हाशिये पर चले गये, प्रतीत होते हैं। हालांकि, स्पीकर ने हो-हंगामे के बीच ही प्रश्नकाल चलाने की बहुत कोशिश की, जो निरर्थक साबित हुआ। आखिरकार, स्पीकर को सदन बुधवार तक के लिए स्थगित करना पड़ा। बमुश्किल मंगलवार को पांच मिनट से अधिक देर तक हाउस ऑडर में नहीं रहा होगा।

इसके पहले शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को भी राबिता पहाड़ीन के पचास टुकड़े किये जाने के मामले में जमकर हंगामा हुआ था। मंगलवार को विधानसभा में भाजपा सांसद की सीएम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर पूरा सदन गरमा गया। दोनों ओर से भारी शोरगुल किया गया। दोनों पक्ष अपनी-अपनी मांगों को जायज ठहराने की कोशिशों में जुटे रहे। दूसरी ओर, सदस्यों को शांत कराने में स्पीकर की पूरी उर्जा खर्च हो गयी। उन्होंने यहां तक कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिये और सभी सदस्यों के सवाल का जवाब सदन में गंभीरता से दिया जाना चाहिये। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि स्पीकर की नसीहत को किसी सदस्य ने गंभीरता से नहीं लिया। सदन के बाहर भी राजनीति गर्म रही। सदन शुरू होने से पहले भाजपा विधायक विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गये । सरकार विरोधी नारे लगाते हुए सदन के मुख्य द्वार पर बैठे रहे। इस दौरान विधायकों ने बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, फर्जी नियोजन नीति बनाने वाली सरकार शर्म करो, जैसे कई नारे लगाये। विधायक शशिभूषण मेहता ने फिल्मी गाना गा कर कहा कि वादा किया वो निभाना पड़ेगा। दूसरी ओर, सदन शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और अंबा प्रसाद विधानसभा भी धरने पर बैठे थे।

बिहार और छत्तीसगढ़ के तर्ज पर ओबीसी जातीय जनगणना कराने की बात कही वही गयी। इरफान अंसारी के हाथों में आदिवासी, अल्पसंख्यक और पिछड़े समाज से घृणा करना बंद करने की तख्ती थी। कहने का तात्पर्य कि जिन गरीब, नौजवान, महिला और किसान के नाम पर राजनीति होती रही है। उन्हीं गरीबों के सवाल पर सदन में चर्चा नहीं होने दिया जाता है। हंगामा करके जनता के मुद्दों को दरकिनार कर दिया जाता है।

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि विधानसभा सत्र आहूत करने में प्रतिदिन करोड़ों रूपये खर्च होते हैं। यह पैसा गरीब जनता की गाढ़ी कमाई का होता है। बावजूद इसके विधायकगण बड़ी बेदर्दी से सदन को बाधित कर देते हैं। निर्ममता पूर्वक जनभावना पर कुठाराघात किया जाता है। इसके लिये दोनों पक्ष बराबर के जिम्मेदार माने जा सकते हैं, हालांकि, सत्ता पक्ष अपना बिजनेश हर हाल में पूरा कर ही लेता है। देखना यह दिलचस्प होगा कि शीतकालीन सत्र के शेष दिनों में जनता के सवालों पर किस तरह का ट्रीटमेंट किया जाता है।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय में छठे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी महोत्सव का शानदार आगाज

■ बौद्धिक तरक्की के लिए अपनी पढ़ाई-लिखाई को पैकेज से बाहर लाकर सोचना होगा : मनोज प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में छठा अंतरराष्ट्रीय श्रीनाथ हिंदी महोत्सव का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व के सभी देश के राष्ट्राध्यक्ष अपनी मातृभाषा भाषा में अपनी बात कहते हैं अतः हमें भी अपनी भाषा के विकास लिए काम करना चाहिए। समस्त राष्ट्र की उन्नति का मूल इसी भाषा में है। आज व्यक्तिक विकास को सही दिशा देने की आवश्यकता है। अगर आप बौद्धिक तरक्की करना चाहते हैं, राष्ट्र को कुछ देना चाहते हैं तो हमें अपनी पढ़ाई लिखाई को पैकेज के बाहर लाकर सोचना होगा। आयुक्त ने विद्यार्थियों को नशे से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आप नशे को छोड़िए क्योंकि इससे हमारा युवा वर्ग दुषित हो रहा है क्योंकि इसकी वजह से हमें आने वाले समय में कभी भी अच्छे डॉक्टर, इंजीनियर साहित्यकार नहीं मिल सकेंगे।

कोल्हान विश्वविद्यालय के वित्त पदाधिकारी डॉ पीके पानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस इसलिए मनाया जाता है ताकि हिंदी की उपेक्षा को रोका जा सके। यह भारत की राजभाषा है। यह भारत के अतिरिक्त दक्षिण अफ्रीका, नेपाल, पाकिस्तान, त्रिनिदाद, बांग्लादेश जैसे कई देशों में बोली जाने वाली भाषा है। इसके लिए सरकार भी अपनी ओर से लगातार काम कर रही है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि श्रीनाथ विश्वविद्यालय जो हिंदी के लिए कर रहा है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है।



मंगल दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का उद्घाटन करते अतिथिगण।

कुलपति डॉ गोविंद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीनाथ विश्वविद्यालय का बहुत कम समय में लंबा सफर तय हुआ है। यह विश्वविद्यालय हिंदी महोत्सव अपने आरंभिक चरण से ही पूरे धूमधाम से मनाते आया है। हिंदी हमारी बोलचाल की भाषा ही नहीं बल्कि यह हमारी पहचान भी है। यहां सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य हिंदी करती है। सूरदास, कालिदास, रहीम आदि कई ऐसे नाम है जिनकी कृतियां मानवता को समर्पित एवं दुनिया को विश्व शांति का संदेश देती है।

विशिष्ट अतिथि आइपीएस संजय रंजन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कि जीवन के मूल्यों और नैतिकता को बच्चे कभी ना भूलें क्योंकि यह मूल्य और नैतिकता ही है जिस पर यह दुनिया टिकी हुई है। महोत्सव में उपस्थित हुए गणमान्य अतिथियों का विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुखदेव महतो तथा प्रबंधन के सदस्यों ने अंग वस्त्र, पुष्प पौधा एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

**कई प्रतियोगिताएं आयोजित, 50 विवि के छात्र शामिल :** हिंदी महोत्सव के प्रथम दिवस में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई यथा हास्य कवि सम्मेलन, प्रश्नोत्तरी प्रथम चरण, दीवार सज्जा, सामूहिक चर्चा, साहित्यिक सफर, समाचार वाचन, मुखड़े पर मुखड़ा, लिखो कहानी, रिपोतार्ज लेखन, व्यक्तित्व झांकी आदि संपादित हुई। प्रथम दिवस के निर्णायक के रूप में नरेश अग्रवाल, डॉ रागिनी भूषण, विकास प्रसाद, अनूप कुमार सिन्हा, सुमन प्रसाद अरुणा झा, सुधा गोयल, ज्योति स्वरूप, संतोष साव, संदीप सावर्ण, ट्विंकल गुप्ता, दशरथ हांसदा आदि उपस्थित थे। मौके पर मंच संचालन उदय चंद्रवंशी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन ने किया।

### कॉर्पोरेट ने हिंदी के बढ़ावे में सहयोग किया : संजय मिश्र

हिंदी महोत्सव के प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में चिंतन मनन रखा गया जिसका विषय था कारपोरेट संस्कृति में हिंदी की स्थिति। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संपादक संजय मिश्रा जी तथा दैनिक जागरण के संपादक यूएन पाठक उपस्थित थे। चिंतन मनन का सत्र समन्वय जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की आचार्य डॉ मुदिता चंद्र ने किया। संपादक संजय मिश्रा ने कहा कि हमें बचकाना अनुवाद के प्रयोग से बचना चाहिए। हमारे बच्चों को संस्कृति से जुड़ने की आवश्यकता है। कारपोरेट जगत ने हिंदी के बढ़ावे में सहयोग दिया है। कारपोरेट की भाषा हिंदी से अलग नहीं है क्योंकि कारपोरेट का लोगों तक अपनी बात पहुंचाना, अपने उत्पादों को लोगों तक सुलभ कराने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## स्पीड न्यूज



### एमएस आइटीआई में मना अल्पसंख्यक अधिकार दिवस

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित एमएस आईटीआई में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर व समाज सेवी खालिद इकबाल ने अपने वक्तव्य मे कहा कि अनुच्छेद 29-30 मे स्पष्ट रुप से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की बात कही गई है। देश के किसी भी क्षेत्र मे अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान खोलने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक आयोग का गठन 17 मई 1992 को हुआ था। इस अवसर पर मोमिन नेता सनाउल्लाह अंसारी, प्रो जावेद अख्तर अंसारी, नसीम अंसारी व डॉ जाहिद तहसीन आदि उपस्थित थे।

### राजेश ठाकुर से शैलेश पांडेय ने की मुलाकात



**जमशेदपुर।** मंगलवार की सुबह जमशेदपुर परिसदन में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर से कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडेय ने मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं में संगठनात्मक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। मजदूर वर्ग को केंद्र सरकार के काले कानूनों से अवगत कराने व आपसी एकजुटता बनाने एवं आगामी दिनों में पार्टी के ऐक्शन प्लान पर विस्तारपूर्वक बात हुई। ज्ञात हो कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर कामगार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं, वे भारत जोडों यात्रा को लेकर कोल्हान दौरे पर है। आज सरायकेला जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित भारत जोडों यात्रा के समापन के बाद वह रांची प्रस्थान करेंगे। शैलेश पांडेय के साथ राजेश ठाकुर से मुलाकात करने वालों में केबुल यूनियन के महामंत्री यू के शर्मा, आशुतोष सिंह, अवधेश सिंह, अंजन राय एवं प्रियांशु पांडेय शामिल थे।

### बहरागोड़ा से शुरू हुई डॉ अजय की भारत जोड़ो यात्रा



**जमशेदपुर।** 20 दिसंबर से धारीसोल (खेड़ूआ) बहरागोड़ा में पूर्व सांसद सह आइपीएस डॉ अजय कुमार की भारत जोड़ो पदयात्रा की गयी है। यह यात्रा बहरागोड़ा से शुरू होकर जमशेदपुर लोकसभा के हर प्रखंड से गुजरेगी और डॉ अजय कुमार लोगो से सीधे बेरोजगारी और महंगाई, नफरत और विभाजन की राजनीति के विरोध में जनता की आवाज संवाद करेंगे। डॉ अजय बहरागोड़ा की 26 पंचायत और 54 गांव का दौरा कर जन संवाद करेंगे। पांच दिनों के दौरान करीब 110 किमी दूरी तय करेगी। 21 दिसंबर की सुबह 8 बजे यह यात्रा माथीहाना बहरागोड़ा से प्रातः प्रारंभ होगी।

### एमएनपीएस में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश संघ मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सभागार में 21 से 27 दिसंबर तक रोजाना अपराह्न 2:30 बजे से श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन करायेगा। यज्ञ की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगी, जबकि कथा का शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे से होगा 28 को पूर्णाहूति एवं महाप्रसाद बांटा जायेगा। कथा व्यास पर स्वामी करणी सत्यानंद जी महाराज जो मथुरा से पधार रहे हैं। जानकारी उत्तर प्रदेश संघ सांस्कृतिक समिति के संयोजक ने दी है।

### ज्ञानदीप स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**जमशेदपुर।** ज्ञानदीप विद्यालय बिरसा नगर के सत्र 22-23 की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गयी। मुख्य अतिथि पूर्णिमा महतो (द्रोणाचार्य पुरुस्कृत तीरंदाजी) ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फादर एविन, इचागुतु चीफ मैनेजर केनरा बैंक गोलमुरी, भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव थे।

# आज से होगी टाटा स्टील गोल्फ टूर चैंपियनशिप में कांटे की भिड़ंत

■ विजेता को मिलेंगे 45 लाख रुपये का नकद इनाम, उप-विजेता को मिलेगा 30 लाख

■ देश भर से जीव मिल्खा सिंह, उदय माने समेत 77 पेशेवर गोल्फर ले रहे हैं भाग

■ गगनजीत भुल्लर, एसएसपी चौरसिया, शिव कपूर, ज्योति रंधावा भी ले रहे हैं भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ग्रुप और पीजीटीआई 21 से 24 दिसंबर, 2022 तक जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। टूर्नामेंट पीजीटीआई पर अब तक की सबसे बड़ी ईनामी राशि की पेशकश कर रहा है, क्योंकि इस साल पुरस्कार राशि को दोगुना कर 3 करोड़ रुपये किया जा रहा है। यह मैदान 77 बेहतरीन पेशेवरों की मौजूदगी का गवाह बनेगा।

टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 टाटा स्टील पीजीटीआई सीजन का अंतिम इवेंट है। यह टूर्नामेंट 72 होल स्ट्रोक प्ले चैंपियनशिप है और इसमें कोई भी कट लागू नहीं होगा। सभी प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार राशि की गारंटी है। टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले प्रो-एम इवेंट 19 दिसंबर को खेला गया था।

**आयोजन का प्रारूप :** सभी चार राउंड में, आधा मैदान अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरा नौ होल बेल्डीह में खेलेगा जबकि दूसरा आधा अपना पहला नौ गोलमुरी में और दूसरा नौ होल बेल्डीह में खेलेगा। दूसरे राउंड के बाद से, लीडर बोर्ड का अग्रणी/अग्र भाग (स्कोर के अनुसार अग्रणी समूह) अपने पहले नौ होल गोलमुरी में और दूसरे नौ होल बेल्डीह में खेलेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह 24 दिसंबर शनिवार को बेल्डीह गोल्फ क्लब में होगा।

**इन गोल्फ स्टार को अपनी आंखों के सामने खेलते देख पायेंगे जमशेदपुरवासी :** इस टूर्नामेंट में भारतीय गोल्फ के कुछ सबसे बड़े सितारे जैसे जीव मिल्खा सिंह, गगनजीत भुल्लर (2020 के चैंपियन), एसएसपी चौरसिया, शिव कपूर, ज्योति रंधावा और राशिद खान शामिल होंगे। मैदान में टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग के शीर्ष -60 का भी जलवा दिखेगा, जिसमें प्रमुख नाम में मनु गंडास (टाटा स्टील पीजीटीआई रैंकिंग लीडर), युवराज सिंह संधू, अजितेश संधू, ओम प्रकाश चौहान और करणदीप कोचर के साथ-साथ उदयन माने (2019 और 2021 के चैंपियन) शामिल होंगे। टूर्नामेंट 2022 टाटा स्टील पीजीटीआई सीजन के लिए पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन का फैसला करेगा, एक ऐसी रेस जिसमें कड़ी टक्कर होने की संभावना है।



चैंपियन ट्रॉफी पत्रकारों को दिखाते जीव मिल्खा सिंह, मनु, संजीव पॉल, उदय माने और पीजीटीआई के सीइओ उत्तम सिंह मंडी।

**चैंपिनशिप की मेजबानी टाटा स्टील के लिए गर्व की बात : संजीव पॉल**

संजीव पॉल, (वाइस प्रेसिडेंट, सेफ्टी, हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटी, टाटा स्टील एंड गोल्फ कैप्टन, जमशेदपुर गोल्फ) ने कहा कि दुनिया भर और भारत के गोल्फरों और प्रशंसकों के लिए यह खेल मानसिक एकाग्रता और धैर्य का प्रतीक है। टाटा स्टील समूह इस टूर के साथ अपने जुड़ाव को बड़े सम्मान और गर्व के रूप में देखता है और हम सभी इस खेल से मिलने वाले उत्साह से परे एक अच्छा प्रतिनिधित्व करते हैं। टाटा स्टील की ओर से, मैं टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022 में सभी खिलाड़ियों, उनके साथियों और दुनिया भर के प्रशंसकों का स्वागत करता हूं।

**चैंपियनशिप का यूरो स्पोट्स और यूटयूब पर सीधा प्रसारण : उत्तम मंडी**

पीजीटीआई के सीइओ उत्तम सिंह मुंडी ने कहा कि पीजीटीआई को डेढ़ दशक से भी अधिक समय तक लगातार समर्थन देने के लिए हम टाटा स्टील को धन्यवाद देते हैं। टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप 2022, जिसे यूरोस्पोर्ट के साथ-साथ पीजीटीआई के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया जायेगा, देश भर के गोल्फ प्रशंसकों के लिए एक दर्शनीय नजारा पेश करने का वादा करता है।

## मिलानी में जादूगर शंकर सम्राट का इंद्रजाल देख नगरवासी गदगद




मिलानी सभागार, बिष्टुपुर में आज से जादूगर शंकर सम्राट का जादू शो शुरू हो गया। मिलानी के महासचिव राजू दत्ता ने शो का उद्घाटन किया। इसके बाद 2 घंटे तक शो के जरिए जादूगर शंकर सम्राट ने तरह-तरह के जादू दिखाये। बुधवार से जादू का शो दोपहर एक बजे, अपराह्न चार बजे और शाम छह बजे से होगा। शहरवासी 13 जनवरी तक टिकट खरीद कर शो देख सकेंगे।

## आइसीसी मऊभंडार को खुलवाने की मांग पर केंद्रीय खान मंत्री से मिले सांसद विद्युत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युतवरण महतो ने मंगलवार को केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर एचसीएल की बंद प्लांट इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आईसीसी) को जल्द चालू कराने की मांग की है। सांसद ने कहा कि प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण प्लांट बीते तीन वर्ष से बंद है जिससे क्षेत्र में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। एचसीएल-आईसीसी प्लांट को छोड़ आदिवासी बहुल क्षेत्र में रोजगार का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। रोजगार नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में मजदूर पलायन को मजबूर हो रहे है। आर्थिक तंगी के कारण मजदूरों की स्थिति बद से बदतर होते जा रही है। ठेका मजदूरों के बच्चों की पढ़ाई से लेकर बेटियों के विवाह तक नहीं हो पा रहे है। आर्थिक तंगी से जूझते कई ठेका मजदूरों ने आत्महत्या तक कर ली है। मऊभंडार टाउनशिप की स्थिति भी खराब होते जा रही है। यही नहीं, स्थायी मजदूर तक अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को मांग पत्र सौंपते जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युतवरण महतो।

## अहसीन इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक खेल दिवस- 2022 हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

■ मंताशा खान और विनय हेंब्रम को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अहसीन इंटरनेशनल स्कूल, जमशेदपुर ने आज अपना वार्षिक खेल दिवस- 2022, बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिथि के रूप में मौजूद सुबोध कुमार (अपर उपायुक्त- सरायकेला- खरसावाँ), रंजीत लोहरा (अनुमंडल पदाधिकारी, चांडिल), विजय कुमार सिंह (सचिव, रेड क्रॉस सोसाइटी), अब्दुल हलीम, डॉ. हसन इमाम मलिक, असद तारिक और प्रबंध ट्रस्टी, अहसीन फाउंडेशन, आसिफ महमूद ने की। मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ अर्चना द्विवेदी, स्टाफ, शिक्षक, छात्र और बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने अतिथियों और गणमान्य व्यक्तियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।




प्रतियोगिता में उद्घाटन बैलून उड़ाते सरायकेला के एडीसी सुबोध कुमार, चांडिल के एसडीओ रंजीत लोहरा, स्कूल के चेयरमैन आसिफ महमूद और प्राचार्या डॉ रचना द्विवेदी।

## परसूडीह थाने के सामने युवक से बदमाशों ने लूट लिये ₹ 4.5 लाख

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित परसुडीह थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर हथियारबंद बाइक सवार दो बदमाशों ने मंगलवार की सुबह 10.30 बजे फीनो बैंक के एजेंट हरीश मुखी से 4.5 लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित के मुताबिक बदमाश पल्सर बाइक पर सवार थे। दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलते ही परसुडीह पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बर्मामाइंस के रहने वाले हरीश मुखी के बारे में फीनो बैंक के डिस्ट्रीब्यूटर प्रताप सिंह ने बताया कि वह मंगलवार की सुबह 10.30 बजे सुंदरनगर से कलेक्शन करके जुगसलाई की तरफ लौट रहा था। इस बीच मत्सय विभाग के कार्यालय के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका। इसके बाद पिस्टल की बट से हमला करने के बाद स्कूटी की चाबी छीन ली और डिक्की खुलवा कर उसमें रखे 4.5 लाख लेकर फरार हो गये। घटना के बाद पुलिस वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाल रही है। पुलिस इस बात से हतप्रभ है कि घटनास्थल से 50 मीटर की दूरी पर ही पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी।

# आवासीय सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ बीएनएमएच ने लांच किया होम केयर प्रोग्राम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर अपने उत्कृष्ट उपचार के लिए झारखंड का एक प्रतिष्ठित संस्थान माना जाता है। हाल ही में हॉस्पिटल द्वारा होम केयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आसपास के रेजिडेंशियल सोसाइटीज को स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से जोड़ना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन फैसिलिटी डायरेक्टर- विनीत राज, क्लिनिकल डायरेक्टर -डॉ एमएल अली, मेडिकल सुपरिटेंडेंट -डॉ मुकेश कुमार एवं सीनियर कार्डियक सर्जन - डॉ परवेज आलम ने दीप प्रज्वलित करके किया।






होम केयर प्रोग्राम में बोलते फेसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज और मौजूद विभिन्न सोसाइटी के पदाधिकारी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने बताया कि ज्यादातर लोग बीमार पड़ने पर हॉस्पिटल और नर्सिंग होम में जाकर इलाज करवाते हैं जबकि इस कार्यक्रम का उद्देश्य, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना ताकि लोगों को हॉस्पिटल जाने की आवश्यकता कम से कम पड़े। होम केयर प्रोग्राम के तहत ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सभी सूचीबद्ध सोसाइटीज में समय-समय पर हेल्थ चेक अप कैंप, बीएलएस वर्कशॉप, हेल्थ टॉक एवं अन्य स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिससे लोगों को स्वास्थ्य के प्रति और ज्यादा जागरूक, शिक्षित एवं समर्थ किया जा सकेगा।

## एक नजर में

### कालिंदी ने की बड़ाबांकी को प्रखंड बनाने की मांग



**जमशेदपुर।** विधायक मंगल कालिंदी ने मंगलवार को विधानसभा में जमशेदपुर प्रखंड की 55 में से 11 पंचायतों को अलग कर बड़ाबांकी प्रखंड बनाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र जुगसलाई में आने वाली इन 11 पंचायतों की जमशेदपुर प्रखंड से दूरी 40 से 50 किमी है। इसके कारण इन प्रखंडों के निवासियों का पूरा दिन प्रखंड सह अंचल कार्यालय आने जाने में ही बीत जाता है। चूंकि उनके घरों की प्रखंड मुख्यालय से दूरी काफी अधिक है, इसलिए बड़ाबांकी पंचायत में प्रखंड मुख्यालय निर्माण करना उचित होगा। जिन प्रखंड जिन पंचायतों को बड़ाबांकी प्रखंड में शामिल करने की मांग की गई है उनमें देवघर, पलाशबनी, बड़ाबांकी, बेको, दलदली, बेलाजुड़ी, हुरलुंग, लुआबासा, उत्तरी घोड़ाबांधा, पश्चिमी घोड़ाबांधा तथा पूर्वी घोड़ाबांधा शामिल हैं।

### मायुमं स्टील सिटी के शिविर में 178 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** मंगलवार को मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा ने साकची श्री अग्रसेन भवन में आयोजित 72वें रक्तदान शिविर में 178 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शहर के प्रसिद्ध अधिवक्ता सह समाजमसेवी स्व रूढ़मल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में इस शिविर में शामिल होकर सभी रक्तदाताओं का प्रोत्साहन किया। मौके पर मायुमं के झारखंड प्रांतीय महामंत्री अरुण गुप्ता ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर युवा मंच ने इस सत्र में अबतक 75000 से अधिक रक्त संग्रह कर लिया और झारखंड प्रांत ने अबतक 7500 यूनिट की पूर्ति कर चुका है। मंच देशभर में 365 दिन लगातार रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल ने कार्यक्रम के सौजन्यकर्ता बनने हेतु स्व रूढ़मल जी के परिवार समेत राजस्थान युवक परिषद का आभार व्यक्त किया।

### चांडिल : दुर्घटना में मां की मौत, बेटा समेत तीन गंभीर



**चांडिल।** मंगलवार को चौका थाना क्षेत्र के एनएच 33 चावलीबासा के पास दो मोटरसाइकिल एवं एक स्कूटी के बिच सिधि टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार महिला देवयंती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी आकाश महतो और विहिप के नयन सिंह घटनास्थल पहुंचे तथा पुलिस एवं स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से इलाज के लिए चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मृतका देवयंति देवी जमशेदपुर के सोनारी की रहने वाली थी। वह अपने पैतृक गांव बुंडू से वापस अपने घर जमशेदपुर लौट रही थी। घटना की सूचना मिलने पर रुचाप मुखिया प्रतिनिधि बोनु सिंह सरदार ओर बहादुर कुमार ने घायलों का हाल जानने चांडिल अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। इस वर्ष चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में अब तक 54 लोगों की मौतें हो चुकी है। दुर्घटना में घायल विष्णु प्रमाणिक, सूरज ठाकुर और परसुडीह के शशिकांत बरदा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका चांडिल अनुमंडल अस्पताल में इलाज हुआ।

### वीमेंस यूनिवर्सिटी में व्यक्तित्व विकास को उदय कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी एवं प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज के संयुक्त तत्वावधान में आजादी का अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक और कड़ी जुड़ गई। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने छात्राओं एवं शिक्षकों के व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास पर केंद्रित इस कार्यक्रम की रूप रेखा की समीक्षा की और इसकी सार्वभौमिक महत्ता को देखते हुए उदय नामक एक विशेष व्याख्यान सत्र के आयोजन को अपनी स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम के प्रारंभ में यूनिवर्सिटी की परीक्षा नियंत्रक सह गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ रमा सुब्रमण्यम ने अपने स्वागत संदेश में स्व प्रबंधन एवं आत्म स्वामित्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इसी विषय पर ब्रह्माकुमारीज के डायरेक्टर एवं जोनल कोऑर्डिनेटर, अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता बीके पीयूष ने छात्राओं को अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिऐ उन्होंने छात्राओं को अपने मन को शुद्ध करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा की हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपके चेहरे पर मुस्कुराहट बेहद जरूरी है। चिंता मुक्त रहकर मुस्कुराने से जीवन में हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमें स्वस्थ जीवनशैली अपनानी होगी इसलिए जल्दी सोना और जल्दी उठना जरूरी है जिससे कि तन और मन दोनों स्वस्थ रहेंगे। ध्यान करने से विचारों में स्थिरता और शुद्धता आएगी। मौन रहकर हम अपने अंदर की असीमित शक्ति को बढ़ा सकते हैं। चरित्र ही हमारी वास्तविक सुंदरता है इसलिए हमें चरित्रवान बनना चाहिए। मोबाइल का सीमित इस्तेमाल हमारे विचारों को संयमित करने में कारगर सिद्ध होगा।

### टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने दमन द्वीप पर मनायी गोपाल जयंती



**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष, स्वर्गीय वी जी गोपाल की जयंती आज यूनियन के सभी पदाधिकारियों द्वारा दमन द्वीप में मनाया गया। सामूहिक रूप से सभी पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। गौरतलब हो कि अपने इंडस्ट्रियल विजिट को लेकर टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारी इस वक्त दमन में मौजूद हैं। विदित हो कि टाटा वर्कर्स यूनियन के प्रांगण, जमशेदपुर में भी आज स्वर्गीय गोपाल बाबू के जयंती के मौके पर संध्या 5:00 बजे सभा का आयोजन किया गया है। मौके पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी उर्फ टुन्नू ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि स्वर्गीय गोपाल बाबू का नेतृत्व काल, टाटा वर्कर्स यूनियन के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होता है। आज के ट्रेड यूनियनिस्टों को स्वर्गीय गोपाल बाबू के कार्यशैली से सही मायने में सीख लेने की आवश्यकता है कि कैसे निस्वार्थ भाव से मजदूर जगत की सेवा की जाती है।

स्पीड न्यूज

## अवैध पत्थर खदान को वन विभाग ने किया बंद

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के वनडीह टुंगरी में अवैध पत्थर खदान को वन विभाग की टीम ने बंद करा दिया है ।ग्रामीणों का आरोप था कि अवैध रूप से काफी दिनों से उक्त टुंगरी में अवैध पत्थर खदान चल रहा है। इस संबंध में वनरक्षी करमा होरो ने कहा की टुंगरी में अवैध पत्थर खनन की सूचना मिलने और खनन को बंद करा दिया है। जांच हो रहा है कि खनन क्षेत्र वन विभाग का है या रैयती क्षेत्र में। रैयती क्षेत्र में है तो मामला खनन विभाग से संबंधित होगा।

## ट्रांसफारमर खराब थाना, वन विभाग व चौक पर बिजली गुल

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना के पास स्थित ट्रांसफार्मर 2 दिनों से खराब है। ट्रांसफार्मर खराब होने से थाना, वन विभाग, चौक सहित कई जगहों पर विद्युत आपूर्ति बंद है इस संबंध में कार्यपालक अभियंता ने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना मिली है जल्द ही ट्रांसफार्मर बदल दिया जाएगा।

## घर में लगी आग सामान जलकर राख

**बुढ़मू।** मंगलवार को उमेडंडा पश्चिम टोला निवासी सबीना खातून के घर में किसी कारण से आग लग गई। आग लगने से घर में रखे सभी जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गया। आग लगने की सूचना पाकर प्रमुख एवं जिप सदस्य सबीना के घर गए। और आश्वासन दिया। आग लगने से करीब 2 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

## सोनाहातू ग्रामप्रधान संघ की हुई बैठक

**सोनाहातू।** प्रखंड ग्रामप्रधान संघ की बैठक मंगलवार को बारुहातू पंचायत सचिवालय में संपन्न हुई। बैठक में झामुमो के जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया उपस्थित होकर ग्रामप्रधान की समस्याओं से अवगत हुए। जिला उपाध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि ग्रामप्रधानो की समस्या कक लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कराया जायेगा। इस दौरान ग्रामप्रधानो ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपाएजिसमें अपने हक ओर अधिकार की मांग किया गया है।

## सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी का उदघाटन आज

**सिकिदिरी।** नौवीं सद्भावना चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूनार्मेंट का उदघाटन बुधवार को सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में खेला जाएगा। उदघाटन मैच एफसी इरबा और फोर एस बड़ाम के बीच खेला जाएगा। उदघाटन मैच के मुख्य अतिथि आजसु के जिलाध्यक्ष संजय महतो व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के युवा नेता आमाल खान उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सचिव प्रकाश कुमार यादव ने दी है।

## सीओ से एसडीओ बनने पर मुखिया संघ ने दी बधाई

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुखिया संघ के द्वारा मंगलवार को बेड़ो के अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें एसडीओ बनाए जाने पर सुमंत तिर्की को बुके भेंट कर शॉल ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर उनको सम्मानित करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर मुखिया संघ अध्यक्ष रमेश उरांवए सचिव सुशांति भगत, कोषाध्यक्ष नीरज कुजूर, मीडिया प्रभारी जतरू उरांव, पंचु उरांव, प्रबला केरकेट्टा, महावीर उरांव, लक्ष्मी कोया, कुंवारी उरांवए पार्वती मिंज मौजूद थे।

## पतरातू गांव में इरबा पब्लिक स्कूल का शिलान्यास

**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के पतरातू गांव में मदरसा दारुल उलूम सुलेमानिया तथा इरबा पब्लिक स्कूल का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर अतिथि मौलाना अहतर मजाहिरी, मौलाना शाबिर, मौलाना समीउल्लाह, मौलाना आदिल शामिल हुए। मदरसा के सदर नसीम अहमद ने कहा कि इस मदरसा में गरीबों तथा असहायों के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दिया जाएगा।

# विकसित राष्ट्र निर्माण में खेलों को बढ़ावा देना जरूरी: जैक अध्यक्ष

## अंतर हाई स्कूल/इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता


जैक अध्यक्ष और पूर्व सांसद के साथ प्रतियोगिता में शामिल छात्रगण।

**ओरमांझी।** आरटीसी इंटर कॉलेज मैदान में मंगलवार को अंतर हाई स्कूल व इंटर कॉलेज खो-खो प्रतियोगिता प्रारंभ हुआ। आरटीसी कॉलेज द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में महिला वर्ग में नौ और पुरूष वर्ग में कूल आठ टीम भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जेइसीए (जैक) अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने की और कहा कोई भी देष, प्रदेष, समाज का विकास सिर्फ षिक्षा से नही हो सकता, इसके लिए खेल को भी आगे लाना जरूरी है। उन्होने कहा आज वे सभी विकसित देश खेलों में भी आगे है। भारत को भी विकषित राष्ट्र बनाना है तो हमें भी खेलों को आगे बढ़ाना होगा। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने छात्र-छात्राओं की खेल प्रतिभा देख सरहाना की कहा खेलों में ग्रामीण क्षेत्र के भी बालक बालिकाओं को अवसर मिलना चाहिए। कॉलेज के निदेषक डा0 पारसनाथ महतो ने बताया कि विजेता टीम को जिला खो-खो टीम में चयन किया जाएगा। मौके पर प्रचार्य ब्रजभुषण नीरज, रणधीर चैधरी, विरेंद्र बंसवार, प्रो रामप्यारे महतो, अषोक महतो, रंजीत कुमार, रामकुमार महतो, धनीलाल महतो, योगेंद्र ठाकुर, सुनिता कुमारी सहित विभिन्न स्कूल के प्राचार्य व छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।


मैदान में उतरने के लिए तैयार छात्राएं।

### सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राएं नहीं हो सके शामिल

प्रतियोगिता में आरटीसी कॉलेज दड़दाग, आरटीसी स्कूल पझरापानी, एसबी इंटर कॉलेज बरतुआ मनातु, जेपीएस स्कूल मनातु, एसपीवी हाई स्कूल दड़दाग, न्यू स्वर्ण रेखा पब्लिक स्कूल गुड्डु, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुल्ही व पतरा ग्राउंड ओरमांझी व एक नामकोम के बालगोविंद हाई स्कूल शामिल हुए। वहीं ओरमांझी प्रखंड के एक भी सरकारी स्कूल ने भाग नही लिया। जबकि प्रतियोगिता में विजेता टीम को रांची जिला खो-खो टीम में चयन किया जाएगा। इसके लिए रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के जनरल सेकेट्री अजय झा, नेशनल एंपायर संगीता कुमारी, सुनील कुमार, विजय पाल तिर्की, ओम कुमार, संजय कुमार, कौशल कुमार व जिला एंपायर सोमया कुमारी को निमंत्रण दिया गया था।

# बेड़ो: अलग-अलग सड़क हादसे में तीन घायल, रिम्स रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में कुल 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जहां पहली घटना रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग क्रांति गांव के समीप की है जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्रखंड के पहाड़ गडरिया गांव निवासी बाइक सवार 22 वर्षीय युवक चंपा टो पिता परशुराम गंभीर रूप से घायल हो हो गया घटना के बाद आसपास के लोगों ने इलाज के लिए घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो हॉस्पिटल पहुंचाया वहीं दूसरी घटना प्रखंड के हुटार गांव के समीप सड़क पर बने ठोकर में असंतुलित होकर बाइक में सवार इटकी मोरो निवासी 20 वर्षीय रोशन लकड़ा पिता गारो लकड़ा और 16 वर्षीय इटकी कुल्ली कुंबाटोली निवासी खुशबू कच्छप पिता मांगे कच्छप गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे दूसरे बाइक के साथियों ने इलाज के लिए उठाकर लोगों की मदद से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉ एलएन दास ने अलग.अलग सड़क दुर्घटना में घायलों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल 16 वर्षीय खुशबू कक्षा 20 वर्षीय रोशन लकड़ा और 22 वर्षीय चंपा टॉपर को रांची रिम्स रेफर कर दिया दोनों सड़क दुर्घटना मंगलवार की संध्या करीब 7रू00 बजे के आसपास की है। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार चंपा टोप्पो बेड़ो की ओर से अपने गांव प्रखंड के पहाड़कंडरिया जा रहा था। इसी दौरान करांजी गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। खुशबू और रोशन लापुंग प्रखंड के घघारी जलप्रपात घूमने आए थे।

# कमड़े से 40 पेटी शराब के साथ दो गिरफ्तार

## सफेदपोश माफिया के सहयोग से चल रहा अवैध शराब का धंधा

### वर्षों से चल रहा था धंधा पुलिस कर रही पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र में सफेदपोश माफिया के सहयोग से अवैध अंग्रेजी शराब का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। मंगलवार की शाम मिली गुप्त सूचना पर थानेदार सपन कुमार महथा की अगुआई में कमड़े सरना नगर स्थित द्वारिकापुरी के एक मकान में छापेमारी की गयी। इस दौरान आरएस समेत अन्य ब्रांड की 40 पेटी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार किये गये हैं। जबकिए सरगना फरार हो गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जब्त शराब को दो मालवाहक ऑटो की मदद से थाने ले आयी है। इसकी सूचना सीनियर एसपी किशोर कौशलए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम व डीएसपी प्रवीण सिंह समेत उत्पाद विभाग के अधिकारियों को दे दी गयी है। पुलिस सरगना समेत गिरोह की गिरफ्तारी के लिये संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### विभाग कर रहा मूल्यांकन

भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त होने की सूचना पाकर विभागीय पदाधिकारी थाने पहुंचे। वह शराब का मूल्यांकन कर रहे हैं। जब्ती सूची भी बनायी जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि कई वर्षों से यहां धंधा चल रहा है। शराब की खेप बिहार भेजी जाती है। अभियान में अवर निरीक्षक चमरा मिंज, हसनैन अंसारी, अंगरक्षक लालबाबू राय, मो हशनैन, पुलिस के जवान व जीप चालक आदि शामिल थे।

# नगड़ी में केसरवानी वैश्य सभा की बैठक में हुआ विचार-विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के एक सभा की बैठक सोमवार को सभा के वरीय संरक्षक उमेश केसरी के आवास में किया गया मौके पर जिला समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 4 जनवरी दिन बुधवार को ओरमांझी प्रखंड के रुक्का डैम ; पानी फिल्टर प्लांट के पास द्ध में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा इस समारोह में राँची जिला अंतर्गत सभी ग्राम सभाए नगर सभाए महिला सभा एवं खूंटी जिला के सभी केसरवानी स्वजाति भाग लेंगे। मौके जिला अध्यक्ष कार्तिक केसरी एवम रांची जिला महिला अध्यक्ष रेखा केसरी ने संयुक्त रूप प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रांची जिला के सभी केसरवानी लोगों से रुक्का डैम आयोजित वनभोज सह मिलन समारोह में शामिल होकर सफल बनाएं। मौके पर जिला महामंत्री मनीष केसरी, अजीत केसरी, तपेश्वर केसरी, सुरेंद्र केसरी, मोहन केसरी, दौलतराम केसरी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बालिकाएं सीख रहीं सेल्फ डिफेंस की कला



**तमाड़।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय तमाड़ की बालिकाएं अपनी सुरक्षा एवं आत्म विश्वास बढ़ाने के लिए कराटे एवं सेल्फष डिफेंस की कला सीख रहीं हैं। सभी बालिकाएं काता, कुमीते एवं सेल्फ डिफेंस सेल्फ डिफेंस के अंतर्गत दुपट्टाए ईयर रींग, हेयर बेन, न्यूज पेपर, कलम, हैंडबैगएरूमाल से अपनी आत्म रक्षा की कला सीख रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आर डी स्पोर्ट्स एकेडमी झारखंड की ओर से एकेडमी के सीनियर कराटे एवं सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक सेंसई आसु सेठ एवं सहायक प्रशिक्षक सेंपाई सुभाष सिंह मुंडा के द्वारा दिया जा रहा है।

### जवानों के मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने के लिए कार्यशाला



**पिठोरिया।** झारखण्ड जगुआर परिसर में जवानों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए एवं उन्हें अपने कर्तव्य को और अधिक उत्साह के साथ पूरा करने के वास्ते एक प्रेरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली से आये प्रेरक वक्ता एवं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था से जुड़े श्री नीरज गेड़ा ने अपने सम्बोधन से जवानों में उत्साह का संचार किया। इस कार्यशाला में जवानों को तनाव मुक्त रहने एवं जीवन में सदा उत्साह का संचार करते रहने के सम्बन्ध में कई प्रेरणादायक बातें बताई गई एवं कुछ प्राणायाम के तरीके भी बताये गए द्य इस अवसर पर जगुआर के पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवालए संजय मुकुल किस्पोट्टाएअन्य अधिकारीगण एवं समस्त जवान उपस्थित रहें।

# सहज महिला कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को जन योजना अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत स्तर के सहज महिला कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक प्रखण्ड पंचायती राज अधिकारी सनी कुमार बाखला, प्रखण्ड कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार व प्रखण्ड समन्वयक अधिकारी धनेश्वर राम ने प्रशिक्षण के दौरान सहज महिला कार्यकताओं को ग्राम सभा करने की विधि के साथ गांव में प्राथमिकता के आधार उपयुक्त योजनाओं का चयन और ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने सहित कई अन्य जानकारी दी। शिविर में प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से आठ आठ सहज महिला कार्यकत्ताओं ने भाग लिया। शिविर का उदघाटन जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव व बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# रातू: इंजीनियरिंग के छात्र ने की आत्महत्या

## गिरिडीह का था मो जाहिद, मंगलवार एक बजे की है घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के अलकमर कॉलोनी स्थित मुन्ना अंसारी का घर के समीप शमीम अंसारी के मकान में किरायेदार 17 वर्षीय मो जाहिद रजा ने मंगलवार की दोपहर बाद सीलिंग पंखे में रस्सी को फंदा बना उस पर झूल आत्महत्या कर ली। बीटेक का छात्र मो रजा गिरीडीह जिले के हीरोडीह निवासी मंसुर आलम का पुत्र था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दरवाजे तोड़ शव को फंदे से नीचे उतार पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। घटना की खबर उसके परिजनों को दे दी गयी है। जानकारी के मुताबिकए खलारी जेहलीटांड़ निवासी शमीम अंसारी कॉलोनी में मकान बना कर यहां किरायेदार रखे हुये हैं। जिस कमरे में मृतक रहता थाए तीन अन्य छात्र भी रहते हैं।

### कमरे में अकेले था जाहिद



घटना के वक्त जाहिद कमरे में अकेले था। तीन अन्य ट्यूशन गये थे। दस से ग्यारह के बीच वह अपनी गर्लफ्रेंड से बात की। दरवाजे को अंदर से बंद कर पंखे में रस्सी को फंदा बना उस पर झुल खुदकुशी कर ली। उसके मोबाइल को जब्त कर लिया गया है। सीडीआर के जरिये इस बात का पता लगाया जा सकता है।

# अनगड़ा: हेसल पंचायत में खेल मैदान का भूमि पूजन



**अनगड़ा।** प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत हेसल पंचायत के काजु बागान स्थित खिजूर गढ़ी में मंगलवार को हेसल पंचायत मुखिया कविता देवी के नेतृत्व में मनरेगा के तहत बनने वाली खेल मैदान का भूमि पूजन किया गया । भूमि पूजन प्रमुख दीपा उराँव एवं हेसल मुखिया कविता द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर संयुक्त रूप से कुदाल चलाकर किया गया स इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रामकुमार पाहनए विशिष्ट अतिथि अनगड़ा प्रमुख दीपा उराँव जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा समाज सेवी मुस्तफा अन्सारी पंसस भदरा मुन्डा शीला देवी ग्राम प्रधान रामनाथ करमाली उमेश कुमार बड़ाईक उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि हेसल मुखिया के नेतृत्व में खेल मैदान का निर्माण एक ऐतिहासिक कदम है स यह कदम सभी जन प्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा स्वरूप है स काफी समय से यहां एक खेल मैदान बनाने की मांग थी जो आज पूरा हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन राजद नेता मुस्तफा अंसारी तथा कार्यक्रम का समापन जगरनाथ महतो ने किया। मौके पर समाजसेवी दुर्गा उराँव मासू के ग्राम प्रधान देवराज पाहन ग्राम प्रधान शिवलाल पहान उप मुखिया दुर्गा महतो सिकन्दर अंसारी नरेश साहु रामपोदो महतो साकीर अंसारी कारीनाथ महतो रामेश्वर महतो रामवृक्ष महतो विष्णु महतो एहसान अंसारी धनीराम करमाली सुनील करमाली बलराम मुण्डा राजु करमाली समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## बस चालक ने एसटी-एसी एक्ट के तहत दर्ज कराया मामला

**मांडर।** पाठक बस के चालक अरुण उरांव ने मांडर टॉल प्लाजा के मैनेजर संतोष पाठक और टोलकर्मी सुदीप्ता सिंह पर जाति को लेकर गाली गलौज करने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एसटी एससी अधिनियम के तहत मांडर थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। आरोप है कि मैनेजर और टोलकर्मी ने चालक को जाति सूचक गाली देते हुए बस में लगे फास्टटैग को नोच कर फेक दिया। मामले को लेकर पुलिस ने जहां जांच करने की बात कही है। वही टॉल मैनेजर ने सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया है और कहा बस में लगा फास्टैग फर्जी था। वाहन चालकों ने टोल मैनेजर पर यह आरोप लगाया है। टोल टैक्स भरने के लिए कोई भी वाहन रुकती है तो उसे किन्नर के द्वारा पैसे वसूली के साथ परेशान किया जाता है। इससे उन्हें परेशानियों के साथ नुकसान भी होता है। इसके ऊपर रोक नहीं लगाई जाती है।

## विहिप पिपरवार मंडल का शौर्य यात्रा



# सोनाहातू में दर्जनों किसानों के फसल को हाथियों ने नष्ट किया

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सालगाडीहएसोसोडीहए करमटाड़ एवं हारिण आदि गांवों के दर्जनों किसानों के धान ओर सब्जी फसल को हाथियो के झुंड ने जम कर उत्पात मचाते हुए नुकसान किया है। सोमवार की रात 40 की संख्या में हाथियों का झुंड बारेंदा पहाड़ी से निकल कर उत्पात मचाया है। वन विभाग और हाथी मित्र की टीम ने हाथियों के झुंड को प्रखंड के अंतिम छोर जिलिंगसेरेग जंगल तक पहुँचा दिया था। सुबह हो जाने के कारण प्रखंड से बाहर नही खदेड़ पाये।

### बुढ़मू के सनराइज पब्लिक स्कूल उमेडंडा में विज्ञान प्रदर्शनी

**बुढ़मू।** सनराइज पब्लिक स्कूल उमेडंडा में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में 23 प्रकार के विषयों से संबंधित मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए। प्रदर्शनी में अवलोकन के लिए अभिभावकों के साथ.साथ आसपास के विद्यालयों के विद्यार्थी एवं शिक्षक भी शामिल हुए।

### पिपरवार कोयला खदान का निरीक्षण



**पिपरवार।** सीसीएल डायरेक्टर टेक्निकल आरबी प्रसाद ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा इस दौरे के दौरान उन्होंने अशोका परियोजना ओसीपी कोयला खदान का निरीक्षण सैनिक व्यू प्वाइंट एवं पीएलआर व्यू प्वाइंट से कोयला खदान का निरीक्षण करते हुए सभी विभागों का निरीक्षण कर कोयले का उत्पादन बढ़ाने को लेकर दिए आवश्यक निर्देश साथ ही कोल इंडिया द्वारा दिए गए कोयले की लक्ष्य प्राप्ति को लेकर पिपरवार क्षेत्र से लक्ष्य से भी ज्यादा कोयला उत्पादन होने की संभावना व्यक्त की। मौके पर एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषण, स्टाफ ऑफिसर सिविल पीके साहूएस्टाफ ऑफिसर ईएण्डएम के पाठक, स्टाफ ऑफिसर एक्सभेशन जेपीएस शर्मा, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो सहित सभी विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

### राजमाता के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए विधायक

**सिल्ली।** सिल्ली राजबाड़ी में श्राद्ध कर्म में हिस्सा लेने विधायक सुदेश कुमार महतोए पुर्व मंत्री रामचंद्र सहिसए हरेलाल महतो एवं गूंज के संयोजक जयपाल सिंह मंगलवार को सिल्ली राजबाड़ी पहूंचे और दिवंगत राजमाता विद्या सिंह देव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान विधायक ने कहा कि दिवंगत राजमाता के निधन से सामाजिक तौर पर अपूरणीय क्षति हुई है ।व्यक्तिगत तौर पर भी मुझे उनके जाने का पीड़ा है। उनकी की कमी पूरी नहीं की जा सकती है। इस दुख की घड़ी में विधायक ने उन्के पुत्र राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, भुपेंद्र नाथ सिंह देव एवं परिजनों को सांत्वना दिया। इस मौके पर संजय सिद्धार्थ, भरत देव साय समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बंधु तिर्की ने किया ग्रीन स्कूल का उद्घाटन



**इटकी।** प्रखंड के तिलकसूती टिकरा में मंगलवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने सामाजिक संस्था संवाद और ग्राम सभा द्वारा संचालित ग्रीन स्कूल का उदघाटन फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि ग्रीन स्कूल के माध्यम से किसानों व महिलाओं को रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि समाज हित मे संवाद संस्था के कार्य सराहनीय है। समाज के विकास के लिये संस्था के कार्यों में हर संभव सहयोग किया जायेगा। कार्यक्रम में संजय समीर एक्का, मनोनीत रेबेका टोपनो, रमेश महली व राजन किस्पोट्टा प्रीतम खलखो सहित अन्य शामिल थे।

# ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** आप सभी की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना हम सभी पदाधिकारियों का वृहत्तर दायित्व है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के जरिया पंचायत अंतर्गत हुलसी एवं मासू गांव का दौरा कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों से बैठक के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी यहां इसी उद्देश्य से आए हैं कि किसी भी पंचायत का कोई भी दूरस्थ गांव विकास के किरणों से अछूता ना रहे। आप सभी का विकास हो इसके लिए हम जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कदम से कदम मिलाकर तत्परता के साथ कार्य करेंगेए आप भी किसी भी तरह की कोई भी समस्या हो कार्यालय में पहुंचकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बेझिचक अपनी बात रखें। बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की द्वारा भी लोगों को आश्वस्त किया गया की जमीन से संबंधित एवं मुआवजा संबंधी किसी भी तरह की समस्याओं का समाधान के लिए हम पीछे नहीं रहेंगे। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि प्रमुख विनीता कच्छपए मुखिया कुंवारी खलखोए पंचायत समिति सदस्य विशेश्वर उरांव के द्वारा भी हुलसी एवं मासु गांव में लोगों को संबोधित किया गया।

### बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण

पदाधिकारियों ने ठंड के मौसम को देखते हुए जरूरतमंदों बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया। दौरे के क्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केशरीए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बासुदेव बड़ाईकए मुखिया कुंवारी खलखोए पंचायत समिति सदस्यए पंचायत के सभी वार्ड सदस्यए ग्राम प्रधान एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

खबर मन्त्र
रांची. बुधवार . 21 दिसंबर 2022
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# मनरेगा की दशा

केंद्र सरकार ने पूर्व ग्रामीण विकास सचिव अमरजीत सिन्हा की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित की है। समिति को सरकार की प्रमुख योजना मनरेगा के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना है, जिसमें वर्षों से चल रही इस योजना की गरीबी उन्मूलन में भूमिका, सरकारी ढांचे और व्यवस्था व खासकर व्यय के तरीकों का अध्ययन शामिल है। अक्टूबर में गठित समिति जनवरी तक अपनी रिपोर्ट देगी। यह रिपोर्ट संसद में फरवरी में पेश होने जा रहे केंद्रीय बजट 2022-23 के पहले आयेगी। महामारी के पहले करीब 5 से 5.5 करोड़ परिवार इस योजना के तहत नियमित रूप से रोजगार पाते थे। महामारी के बाद यह संख्या बढ़कर 7 करोड़ पार हो गयी। साथ ही महामारी के पहले इस योजना के लिए सालना करीब 70 से 80,000 करोड़ बजट का प्रावधान था, जो महामारी के बाद बढ़कर करीब 1,00,000 करोड़ सालाना हो गया है। इस योजना पर बड़े पैमाने पर खर्च जारी रहने और आर्थिक रिकवरी के संकेत दिखने के बावजूद कुछ तिमाहियों से ग्रामीण इलाकों में काम की मांग बढ़ने से इस मद में खर्च की प्रकृति को लेकर कुछ संदेह उठ रहे हैं। कई खबरें आईं, जिनमें कहा गया कि मनरेगा के तहत खर्च का तरीका बदल गया है और इस धन का बड़ा हिस्सा व्यक्तिगत संपत्तियों के सृजन में हो रहा है, जो हाशिये पर खड़े लोगों पर करता है, लेकिन चिंता बरकरार है। हाल में कहा गया है कि 25 राज्यों के 341 ब्लॉक में मनरेगा के तहत काम केंद्र सरकार की जांच के दायरे में है, जिसके लिए विशेष ऑडिट टीम लगी है, जिसे इसकी जमीनी हकीकत समझनी है। हालांकि मनरेगा के तहत कुछ तिमाहियों से काम की मांग कृत्रिम होने या छेड़छाड़ कर रिपोर्ट तैयार करने के संदेह के विपरीत डलबर्ग एडवाइजर्स की रिपोर्ट द स्टेट आफ रूरल इंप्लाइमेंटः ए लुक ऐट मनरेगा एक्रॉस 5 स्टेट्स इन इंडिया की धारणा है।

# शराबबंदी पर सवाल

बिहार में एक बार फिर जहरीली शराब ने अपना दुष्प्रभाव दिखाया है। पिछले दिनों छपरा में जहरीली शराब के सेवन से 70 से अधिक लोगों की जान चली गई, छपरा के अलावा सारण, सिवान और बेगूसराय में भी शराब के चलते मौतें हुई हैं। जिन लोगों की अकाल मौत हुई, प्रशासन की निगाह में उनका दोष यह था कि उन्होंने शराबबंदी के बावजूद शराब का सेवन किया। लेकिन असल में इससे भी बड़ा दोष यह था कि मरने वाले गरीब तबके के थे। ज्यादातर लोग मेहनत-मजदूरी करके अपना घर चलाते थे और शारीरिक-मानसिक तकलीफों से छुटकारे के लिए शराब का सेवन उन्होंने किया। ऐसा नहीं है कि इस देश में कानूनों का उल्लंघन नहीं होता। शराब पीकर गाड़ी चलाना, लड़कियों से छेड़छाड़ करना, रिश्वत लेना, दस बजे के बाद लाउड स्पीकर चलाना, प्रतिबंधों के बावजूद पटाखे फोड़ना, दहेज लेना, व्यवहार में छुआछूत बरतना ऐसे दसियों तरह के कानून रोजाना तोड़े जाते हैं, पूरे होशोहवास में तोड़े जाते हैं, हमारा कोई क्या बिगाड़ लेगा, इस हनक में तोड़े जाते हैं। ऐसा करने वाले अगर अमीर या प्रभावशाली तबके से हुए, तो उनका कुछ नहीं बिगड़ता। लेकिन गरीब अगर कानून की शान में जरा सी गुस्ताखी कर ले तो फिर उसे कैसे सजा भुगतनी पड़ती है, ये समझना कठिन नहीं है। इस बार तो सीधे जान गंवाने का दंड ही गरीबों को मिला। जिस राज्य में 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। जहां किसी भी नशीले पदार्थ या शराब का निर्माण, बॉटलिंग, वितरण, परिवहन, संग्रह, भंडारण, खरीद, बिक्री या खपत प्रतिबंधित है, वहां किस तरह बार-बार जहरीली शराब लोगों की जान ले रही है, यह बड़ा गंभीर सवाल है। इस सवाल पर सभी जनप्रतिनिधियों को, प्रशासन और सरकार को गहन मंथन करना चाहिए। शराब के एक राज्य पर रोक के दुष्परिणाम की समीक्षा अवश्य हो।

# आखिर बच्चों की सुरक्षा में चूक कहां हो रही है?



**रफ्तार,** स्पीड, गति ये कुछ नाम हैं, आज के मेरे विषय के। जीवन में रफ्तार का होना, हमारे प्रगतिशील होने का सूचक है। आदिकाल में मनुष्य पैदल चलता था। अपनी रफ्तार बढ़ाने के लिए घोड़े, हाथी, ऊँट, बैलगाड़ी का इस्तेमाल करने लगा। कुछ और तरक्की की और मशीनों का अविष्कार किया। आधुनिक वाहन बनाये। कई कई दिनों के बल्कि कई बार महीनों के लगने वाले यात्रा समय को चंद घंटों तक मे सीमित कर दिया। ये मनुष्य ने अपनी जीवन यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए किया। जरूरी था। सही था। फिर गलती कहां हुई?......

चलिए, अब सिक्के के दूसरे पहलू पर चलते हैं। मैं एक मां हूं। बेटा छोटा था, 3 पहियों वाली साइकिल घर में चलाया करता था। कमरा छोटा लगने लगा तो आंगन में आ गया। थोड़ा समझदार हुआ तो 2 पहियों वाली साइकिल दिला दी गयी। आंगन से निकल कर कॉलोनी की गली में चलाने लगा। अपने बेटे की सफलता पर खुश हो रही थीं मैं। पल भर भी आँखों से दूर नहीं होने देती थीं। माँ हूँ ना, मन घबराता था। फिर भी घर की छत पर खड़ी हो कर दूर तक उसको सही सलामत जाते हुए देखती रहती थी। जब तक घर नहीं आ जाता, मन विचलित सा होता रहता था। ट्यूशन की टीचर को फोन कर के पुछ लेती थी। वो भी मेरे मन की दशा समझती थी, शायद। वो भी माँ थी। समस्या तो अब आयी जब बेटा कॉलेज जाने लगा। किशोर वय में आधुनिक गाड़ियों को देख कर उसका भी मन ललचाने लगा अच्छे माता पिता का फर्ज निभाते हुए उसे एक अच्छी स्कूटर दिलाई गयी। अब वो पलक झपकते ही कॉलोनी की गली से निकल कर, बड़ी सड़क पर तेजी से भीड़ में गुम हो जाता है। छत पर खड़ी हो कर भी ज्यादा दूर तक नहीं देख पाती हूँ। छटपटाती हूँ। कोई तो माँ होगी, जो आगे के रास्ते पर उसका खयाल रख रही होगी। क्या इस समस्या को केवल मैं ही अनुभव कर रही हूं या हर माँ अपने बच्चों को भगवान के भरोसे इस अंधी रफ्तार की भीड़ में भेज रही हैं?

हमने अपने बच्चे को सारे नियम कायदे सिखाये हैं। वो उनका पालन भी करता है। मगर जिनके पास तेज रफ्तार वाहन है वो कभी कभी इन नियमों का और कायदों का पालन चाह कर भी नहीं कर पाते। कंही उनकी गलती की सजा हमारे बच्चे को ना झेलनी पडे, ये सोच कर मन अशांत हो जाता हैं। जब भी कभी कोई अनजान बच्चा गलती करता है तो मैं उसे अपना जान कर सही गलत समझाने लगती हूँ। इसी उम्मीद में कई यदि कभी मेरा बच्चा कोई गलती करें तो कोई दूसरी माँ उसे सही राह दिखा दे।

आज उच्च शिक्षा के लिए बच्चे दूसरे बड़े शहरों में और दूसरे देशों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। वँहा मैं, कैसे अपने बच्चे की सलामती रखूंगी?.. क्या वहां की मम्मियां, मेरा साथ देंगी, उनकी इस रफ्तार को नियंत्रित करने में?

इस पूरे लेख में मैने अब तक माताओ को ही सम्मिलित किया है। क्या कोई पिता अपने बच्चों को सुरक्षित नही देखना चाहता होगा? क्या उसको अपने बच्चों की फिकर नही होती होगी? और यदि इन प्रश्नों का उत्तर हाँ है तो क्यों इतनी रफ्तार हम बना रहे है? कुछ पल में ही 100 किमी की रफ्तार और शायद इससे भी ज्यादा। इन वाहनों को बनाने वाली ऑटो और बाईक कंपनियां नए नए मॉडल बना कर आये गए तेज गति की गाड़ियां बाजार में ला रही है। फलां गाड़ी की रफ्तार से कई गुना तेज रफ़्तार वाली गाड़ियों के बारे में सुनकर नई पीढ़ी अकर्षित हो रही है। अपने घर वालों से साम, दाम , दंड , भेद, कोई भी नीति अपना कर उस वहन को प्रप्त भी कर लेती है। मेरा सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि उस वाहन की तेज गति का ळ१ंह्ल, परीक्षण क्या उस भीड़ भाड़ वाली बड़ी सड़क पर किया गया था,... जँहा हमारे बच्चों को रोजाना गाड़ी चलानी है??... उन ऊंची नीची, टेढी मेढ़ी, गड्ढो से भरी, अतिक्रमण से पटी और जँहा सुरक्षा के नाम पर की गई चालाकियाँ हैं। जवाब है , नहीं।

इन तेज रफ्तार गाड़ियों की रफ्तार मापने के लिए कम्पनियां किसी सुनसान इलाके की, हवाईजहाज के रन वे की, किसी बड़े नेशनल हाईवे की , सीधी , चिकनी, रोशनी से भरी और पूरे सुरक्षा उपकरणों की देख रेख में, पल दो पल के लिए उस रफ्तार को माप कर , उस आंकड़े को भुनाती हैं। वो रफ्तार हमारे पूरे जीवन काल में हमें कभी काम नहीं आतीं। बल्कि अब तक वह अंधी रफ्तार ना जाने कितने ही मासूम, उत्साहित और झूठी चकाचौंध में आकर्षित बच्चों का जीवन समाप्त कर चुकी हैं। रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए दूसरे उपकरण लगाये जाते हैं। पर मनुष्य इस तेज रफ्तार का इतना दीवाना हो जाता है के ये जानते हुए भी की इस रफ्तार से जान को खतरा है, वो अपनी रफ्तार धीमी ही नहीं करना चाहता। क्या सिर्फ इस लालच के लिए पूरा दोष ग्राहक के सर मढ़ देना उचित होगा? हमारे बड़े बुजुर्ग हमेशा अपने अनुभवों से यही समझाते आये हैं कि, अति हमेशा बुरी होती हैं। हर वो चीज जो जरूरत से ज्यादा हो वो खतरनाक है। ऑटोमोबाइल कम्पनियां जो नयी नयी, तेज रफ्तार बना रहे हैं, वो भी अपने बच्चों को एक तरह से संकट में ही डाल रहे हैं। क्या जरूरत है ऐसी रफ्तार की???... हम अपने ही बच्चों को खतरनाक, जानलेवा बारूद के ढेर पर बैढाने को आधुनिकीकरण क्यों समझ रहे हैं???....

उनको एक सीमित और सुरक्षित रफ्तार का सही इस्तेमाल करना सिखाया जा सकता है। उनको 10 मिनट जल्दी घर से निकल कर धीरे धीरे और सफर का मजा लेते हुए चलना सिखाया जाये। एकही जगह जाने के लिए अलग अलग वाहनों पर जाने के बजाय मिल जुल कर एक ही वाहन को शेयर करना सिखाया जाये। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करना सिखाया जाए। इससे एक दूसरे की सुरक्षा और साथ का मजा भी मिलने लगेगा और माता पिता को भी बच्चों की सुरक्षा के लिए परेशान नही होना पड़ेगा।

क्या आप मेरे इस विचार से सहमत हैं?..... जवाब के इंतजार में , सुप्रिया नामदेव....।



-सुप्रिया नामदेव

> इस पूरे लेख में मैने अब तक माताओ को ही सम्मिलित किया है। क्या कोई पिता अपने बच्चों को सुरक्षित नही देखना चाहता होगा? क्या उसको अपने बच्चों की फिकर नही होती होगी? और यदि इन प्रश्नों का उत्तर हां है तो क्यों इतनी रफ्तार हम बना रहे है? कुछ पल में ही 100 किमी की रफ्तार और शायद इससे भी ज्यादा।

## खास बात
# बिगड़े बोल

**डॉ वेदप्रताप वैदिक**

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो और कांग्रेस के मालिक राहुल गांधी के बयानों पर भारत में तीखी प्रतिक्रिया हो रही हैं। पता नहीं, इन दोनों पार्टी-मालिकों के बयानों पर भाजपाइयों को इतना नाराज होने की जरूरत क्या है? जहां तक बिलावल का सवाल है, वह जब छोटा बच्चा था तो अपनी मां बेनजीर के साथ मुझसे मिलने अक्सर दुबई में आया करता था। भुट्टो कहा करते थे कि भारत से यदि हजार साल भी लड़ना पड़े तो वे लड़ते रहेंगे लेकिन वे कश्मीर लेकर रहेंगे। बेनजीर से मैं जब-जब भी मिला तो मैंने उनसे कहा कि आप कश्मीर लेने के चक्कर में पाकिस्तान खो बैठेंगी। फौज के तले दबे हुए पठान, बलूच और सिंधी आपके देश के कई टुकड़े कर देंगे। लेकिन उसने न्यूयार्क में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना कुख्यात आतंकवादी ओसामा बिन लादेन से कर दी। इसी तरह राहुल गांधी ने तवांग में हुई छुटपुट भारत-चीन मुठभेड़ के बारे में कुछ ऐसी बातें कह दी है कि जो उल्टे बांस बरेली जैसी लगती हैं। उन्होंने पूछा है कि गलवान घाटी कांड के और उसके पहले चीन ने जो हमारी जमीन छीनी है, उसके बारे में मोदी चुप क्यों हैं? राहुल को शायद पता नहीं कि उसके परनाना नेहरूजी के जमाने में हमारी लगभग 38 हजार किलोमीटर जमीन पर चीन ने कब्जा कर लिया था और 1962 के युद्ध में भारत को भारी शार्मिंदगी उठानी पड़ी थी। पिछले पांच-छह दशक के शासनकाल में क्या कांग्रेस ने उस जमीन की वापसी के लिए कभी कोई ठोस कोशिश की? राहुल के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी तो चीन के नेताओं से गल-मिलव्वल के लिए 1988 में बीजिंग भी पहुंच गए थे। कांग्रेस ने मोदी से तवांग पर सात सवाल पूछे हैं, उनमें से कुछ तो बिल्कुल सही हैं, जो विरोधी दलों को उठाना ही चाहिए लेकिन ये सवाल जिस तरह से पूछे गए हैं, वे भारत के राष्ट्रहितों का अहित तो करते ही हैं और बहादुर फौजियों का मनोबल भी गिराते हैं। कांग्रेस की राजीव गांधी फाउंडेशन का चीन से जो लेन-देन रहा है, वह भी इन बयानों से बराबर उजागर होता है। बिलावल भुट्टो और राहुल गांधी को संभलकर बोलना चाहिए।

# स्मार्ट और बुद्धिमान

## धर्म-प्रवाह

**जग्गी बासुदेव**

**स्मार्ट** होना और बुद्धिमान होना, ये दो अलग-अलग बातें हैं। 25 साल पहले, किसी के बारे में बात करते हुए, हम उसे बुद्धिमान कहते थे। लेकिन आजकल, अलग शब्दों का प्रयोग होता है। आजकल कोई परवाह नहीं करता कि आप बुद्धिमान हैं या नहीं। उनको एक ही फिक्र होती है कि क्या आप स्मार्ट हैं? अगर आप स्मार्ट हैं तो आप दुनिया में अपना काम निकाल सकते हैं - आज की अर्थव्यवस्था में आप पार लग जायेंगे। लेकिन बुद्धि का स्वभाव अलग है। बुद्धि हमेशा आपको कोई दौड़ जीतने के लिये तैयार नहीं करती। वास्तव में आप दूसरे से धीमें हो सकते हैं क्योंकि उन लोगों की अपेक्षा आप कहीं ज्यादा चीजें देख सकते हैं। जो लोग स्मार्ट हैं और सिर्फ इस कोशिश में हैं कि अपने जीवन का कोई छोटा उद्देश्य पूरा कर लें, हो सकता है वे वहां ज्यादा तेजी से पहुंच जाएं और हो सकता है लोग उनके लिये तालियां भी बजायें। लेकिन आपकी बुद्धि इतनी सारी चीजें ग्रहण कर रही होगी, कि वो आपको एक कदम भी उठाने नहीं देगी। अगर आप स्मार्ट हैं तो इसका मतलब ये होगा कि आपने अपने लाभ के लिये परिस्थितियों बना ली है। आप किस तरह के समाज में हैं, समय कैसा है, परिस्थिति कैसी है और आप किस तरह के लोगों के बीच में हैं! आज, वे लोग जो कुछ संकोच मे होते हैं, वे आम तौर पर बेवकूफ माने जाते हैं। बिना किसी संकोच वाले लोग स्मार्ट कहलाते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कुछ खास परिस्थितियों का लाभ कैसे लिया जाये!

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### पारदर्शी व्यवस्था

**निःसंदेह** सरकार के नये फैसले से बेरोजगार युवाओं को अलग-अलग ग्रुप में नौकरी के लिए अलग आवेदन करने व परीक्षा देने हेतु दूरस्थ केंद्रों पर जाने से होने वाली धन-समय की बबार्दी से राहत मिलेगी। बेरोजगार युवाओं को एक ही बार परीक्षा देकर रोजगार मुहैया करवाने का फैसला काबिलेतारीफ है। पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को न्याय हेतु जरूरी है।

**– श्यामलाल सिंह, रांची**

### औषधियों का ज्ञान

**ऋग्वेद** (10-97) में कहते हैं कि औषधियों का ज्ञान तीन युग पहले से है। यहां युग शब्द का प्रयोग किसी बड़ी अवधि के लिए हुआ है। स्वस्थ रहते हुए 100 बरस जीना वैदिक ऋषियों की अभिलाषा रही है। मैक्डनल और कीथ ने वैदिक इंडेक्स (खण्ड 2) में लिखा है- भारतवासियों की रुचि शरीर रचना से सम्बंधित चिंतन की ओर बहुत पहले से थी।

**– रविशंकर, हजारीबाग**


भारत, झारखण्ड ने निभाया पड़ोसी धर्म। बिजली की किल्लत से जूझते #बांग्लादेश को, समझौते के तहत 800 टह बिजली सप्लाई शुरू। काश पाकिस्तान भी कुछ सिख लेता। अब भारत न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि पड़ोसियों की मदद भी कर रहा है, चाहे वो बिजली हो या गेहूं।

**– महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

हेलीकॉप्टर की उड़ने की प्रक्रिया को करीब से समझने पर इन बच्चियों के चेहरे का उत्साह देखने लायक था।हमें देश के युवाओं को नए रास्ते दिखाने हैं, उनकी क्षमताओं को सही दिशा देनी है - उनके बेहतर भविष्य के लिए, देश की तरक्की के लिए। **– राहुल गांधी**





मां भारती की गुलामी की बेड़ियां काटने के लिए सर्वोच्च बलिदान देनेवाले महान क्रांतिकारी सपूतों राम प्रसाद बिस्मिल जी, ठाकुर रोशन सिंह जी एवं अशफाक उल्ला खान जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि कोटि नमन। **– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# जीएसटी कंपोजिशन स्कीम में छिपा है छोटे व्यापारियों का हित



**अजयदीप बाधवा**

छोटे व्यापारियों के लिए जीएसटी में कंपोजिशन स्कीम है, जिसे अपनाने पर व्यापारी को अपने सभी लेन-देनों का अलग-अलग डिटेल नहीं देना पड़ता। उन्हें अपने पूरे कारोबार का सिर्फ एक निश्चित प्रतिशत टैक्स चुकाना पड़ता है। वस्तुओं के कारोबार का 1% चुकाना पड़ता है और सेवाओं के कारोबार पर, उनकी कैटेगरी के हिसाब से 5 से 6% तक चुकाना पड़ता है।

सामान्य श्रेणी को राज्यों के ऐसे कारोबारी, जिनका सालाना टर्न ओवर 1.5 करोड़ रुपए या इससे कम है, वे कंपोजिशन स्कीम अपना सकते हैं। पर विशेष श्रेणी के राज्यों (उतरी भारत के 8 राज्य, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश) के ऐसे कारोबारी, जिनका सालाना टर्नओवर 75 लाख रुपए या इससे कम है, वे भी कंपोजिशन स्कीम अपना सकते हैं। सेवा क्षेत्र में सालाना 50 लाख रुपए से कम टर्नओवर वाले व्यवसायी कंपोजिशन स्कीम अपना सकते हैं।

कुल टर्नओवर की गणना के लिए, एक पैन नंबर के तहत, होने वाले सभी कारोबारों को शामिल किया जाएगा। क्योंकि एक व्यक्ति या संस्थान के अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग कारोबारों को एक ही पैन के आधार पर अलग-अलग

## आर्थिक

जीएसटी नंबर जारी किए जाते हैं। कंपोजिशन स्कीम अपनाने वाले कारोबारी, टैक्स की रसीद / टैक्स इनवॉइस जारी नहीं कर सकते क्योंकि इन्हें अपने ग्राहकों से टैक्स लेने का अधिकार नहीं होता। इसकी बजाय कंपोजिशन कारोबारियों को अपनी जेब से टैक्स चुकाना पड़ता है। इन्हें अपने बिल पर ऊपर की तरफ इस बात का उल्लेख भी करना होता है कि वे ₹कंपोजिशन टैक्सेबल पर्सन है और जीएसटी लेने के लिए अधिकृत नहीं हैंह्ल। इसके अलावा, इन कारोबारियों के साथ और प्रतिबंध और शर्तें भी होती हैं, जैसे वे अपनी खरीदारियों पर चुकाए गए जीएसटी के बदले में इनपुट टैक्स क्रेडिट के लिए क्लेम नहीं कर सकते हैं, जीएसटी के दायरे से बाहर की वस्तुओं का कारोबार नहीं कर सकते जैसे कि शराब आदि,

रिवर्स चार्ज सिस्टम के तहत होने वाले सौदों पर नॉर्मल रेट्स के हिसाब से टैक्स चुकाना होगा,

ऐसे कारोबारियों को अपने सभी बिलों और जारी की जाने वाली नोटिस पर कंपोजिशन टैक्सेबल पर्सन का उल्लेख करना अनिवार्य है,

अपनी दुकान या ऑफिस के बाहर लगे साइनबोर्ड पर भी कम्पोजिशन टैक्सेबल पर्सन का उल्लेख होना चाहिए।

अगर किसी कारोबारी के अलग-अलग कई तरह के कारोबार है, तो सभी तरह के कारोबारों का टर्नओवर जोड़कर कंपोजिशन के लिए निर्धारित लिमिट से अधिक नहीं होनी चाहिए; जैसे कि एक ही मालिक के ग्रॉसरी, इलेक्ट्रॉनिक, टेक्सटाइल वगैरह का व्यवसाय है तो सब का टर्नओवर मिला कर कम्पोजिशन स्कीम की सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए। छोटे व्यवसायियों को इस स्कीम का लाभ लेना चाहिए क्योंकि इसके अंर्तगत कागजात कम रखने होते हैं और मासिक जीएसटी रिटर्न के स्थान पर त्रैमासिक रिटर्न ही भरना होता है।

**(लेखक वित्तीय विषयों के जानकार है और रांची में बतौर कर सलाहकार कार्य कर रहें हैं।)**

# कांग्रेस अध्यक्ष के साथ धक्का-मुक्की और राजनीति



**उदय चौहान**

**हाल** ही में, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को जामताड़ा में एक कार्यक्रम के दौरान भारी फजीहत हुई। निलंबित विधायक इरफान अंसारी के समर्थकों ने श्री ठाकुर के खिलाफ नारेबाजी और धक्का-मुक्की की गयी। यह भारत जोड़ो यात्रा के नाम पर कांग्रेस तोड़ो कार्यक्र म का मुजाहिरा किया गया। गौरतलब है कि यहां कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। दिलचस्प है कि ये घटना पार्टी की अनुशासन समिति की बैठक के एक दिन बाद ही हुई। बैठक में शीर्ष नेताओं ने कहा था कि अनुशासनहीनता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके पूर्व झारखंड कांग्रेस की प्रदेश कमेटी, कार्यकारिणी और राजनीतिक मामलों की कमेटी का विरोध शुरू हो गया है। इस पर पार्टी ने विरोध करने वालों को चेतावनी दे दी है कि अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा है कि संगठन में अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। झारखंड प्रदेश अनुशासन समिति की पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कड़ी नजर है। लेकिन, अनुशासन समिति की चेतावनी को दरकिनार करते हुये कई जिलों में भगदड़ की स्थिति है। पार्टी नेता एक-दूसरे से गुत्थमगुत्था हो रहे हैं। इसी प्रकार, कुछ माह

## राजनीति

पूर्व कांग्रेस के एक विधायक अनुप सिंह ने अपने तीन साथी विधायकाकें के खिलाफ अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी। श्री सिंह ने अपनी प्राथमिकी में कहा कि राज्य में ऑपरेशन लोटस के तहत उन्हें खरीदने की कोशिश हुई और इसमें कांग्रेस के इरफान अंसारी समेत तीन विधायक शामिल थे। इसके पहले ही कोलकाता में कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमक विक्सल कोंगाडी व राजेश कच्छप को लगभग 50 लाख रूपये कैश के साथ पुलिस ने पकड़ा था। इस कैश कांड को हेमंत सरकार को गिराने की कोशिशों से जुड़ा बताया गया है। खबरों के बीच अब कुछ विधायकों द्वारा पार्टी को तोड़कर अलग गुट बनाने की जानकारी सामने आई है। पार्टी को तोडे की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थीं और नये गुट के नाम पर सहमति भी बन गई थी। लेकिन अंतिम समय में दो आदिवासी विधायकों ने मुंह मोड़ लिया। बिरसा कांग्रेस के नाम से अलग गुट बनाकर तख्तापलट करने का पूरा स्क्रिप्ट लिखा जा रहा था। लेकिन, गुट के नेता के नाम पर कुछ विधायक बिदक गये। स्पष्ट रूप से कहा गया कि जो वर्तमान सरकार में मंत्री वही अगली व्यवस्था में भी नेतृत्व करेंगे तो फिर ऐसे बदलाव का क्या मतलब। इसके बाद कुनबा बिखर गया और कांग्रेस टूटने से बच गई। इसके बाद पार्टी विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने स्पीकर कोर्ट में अपने ही तीन विधायकों इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाडी व राजेश कच्छप की विधायकी रद्द करने का आवेदन दे दिया है। इस प्रकरण को लेकर स्पीकर कोर्ट में सुनवाई जारी है। हालांकि, इसके पहले भी एक बार विधायक अनुप सिंह ने भाजपा के ऑपरेशन लोटस को लेकर एक अन्य प्राथमिकी दर्ज की थी। इस मामले की जांच-पड़ताल अभी चल ही रही है। सूत्रों की मानें तो इसके बाद पर्टी के एक बड़बोले विधायक ने तो नेतृत्व कताओं पर ही सवाल उठा दिया। भरी बैठक में प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ खरी-खरी सुनायी थी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के खिलाडियों ने स्व रीझुनाथ चौधरी रामगढ जिला एथलेटिक चैंपियनशीन में कई पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर बताया गया कि परमेश्वर महतो ने 100 और 200 मीटर दौड में प्रथम स्थान, बालचंद बेदिया ने 100 व 400 मीटर दौड मे प्रथम, गीता कुमारी ने 1500 और 800 मीटर में द्वितीय, प्रिया कुमारी ने 10000 मीटर मे द्वितीय, सुनैना कुमारी ने 200 मीटर दौड में द्वितीय, सोनी कुमारी ने 800 मीटर दौड में तृतीय और अनुराधा कुमारी ने 3000 मीटर दौड में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। खिलाडियो के जीत पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके दास सहित महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकेतर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## सरिता पांडेय हुई वीमेन एंपावरमेंट अवार्ड से सम्मानित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ग्लोबल लीडर फाउंडेशन इन एसोसिएशन विथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित भारत उत्कृष्ट सम्मेलन 2022 में राज्य के कई कोने से लोग एकत्रित हुए। जो अपने क्षेत्र में अच्छे पैमाने में काम कर कर रहे। उनमें से एक नाम झारखंड रामगढ़ की रहने वाली एक साधारण महिला कंपनी सेक्रेटरी सरिता पांडेय है। जो लगातार महिला सशक्तिकरण पर काम कर रही है कि कैसे स्लम एरिया की महिलाओं और उनके हुनर को एक स्थान मिले। जिससे वो आत्मनिर्भर बन पाये और कभी भी किसी के आगे हाथ ना फैलाना पड़े। कॉन्फ्रेंस में सरिता पांडेय ने यूनिवर्सिटी की छात्राओं को सेशन के तहत बताया कि आप सब के अंदर हुनर है। बस लगातार प्रयास जारी रखे और अपने हौसले को बुलंद कर आगे बढ़ते चले। जिससे रास्ते भी बनते जायेगें और मंजिल आपकी होगी। ग्लोबल लीडर फाउंडेशन के चेयरमैन रमेश त्रिपाठी और श्यामा यूनिवर्सिटी के वीसी सर डॉ तपन कुमार सांडिल्य ने सरिता पांडेय उनको महिला सशक्तिकरण अवार्ड दिया। इस अवसर पर सरिता पांडेय ने कहा कि व्यक्ति अगर समाज में है तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

## पटेलनगर में टेंपो से बैटरी की चोरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा थाना क्षेत्र के पटेलनगर न्यू कॉलोनी में बीती रात्रि चोरो ने टेम्पो से बैटरी की चोरी कर ली। जिसे लेकर गाडी मालिक जयप्रकाश साव ने थाना में चोरी का मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामला में कहा गया है कि बीती रात्रि उन्होने अपनी टेम्पो चाहरदिवारी के अंदर खडा किया था। सुबह जब घर से निकला तो देखा की चाहदिवारी में लगे दरवाजा का ताला टुटा हुआ है। फिर जब गाडी का जांच किया तो देखा कि गाडी का बैटरी गायब है। इसके पूर्व भी चोरो ने उनकी गाडी से दो बैटरी की चोरी कर ली थी।

## प्रवासी मजदूर विनोद की हुई वतन वापसी

**बिष्णुगढ।** प्रखंड अंतर्गत मडमो के दुबई में फंसे मजदूर विनोद महतो की मंगलवार सुबह को सकुशल वतन वापसी हुई।इस कार्य के लिए परजनो ने बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो,दुबई में कार्य कर रहे बगोदर प्रखंड अंतर्गत कुदर के मोहम्मद वशिम शेख मामले को प्रकाश में लाने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली समेत सभी मिडिया का अभार प्रकट किया।बताते चले कि रोजगार के लिए दुबई गया विष्णुगढ़ का विनोद महतो लगभग दो महीने पूर्व वीजा अवधि और इकामा की अवधि समाप्त होने की वजह से वहां की जेल में बंद थे।घर का एकलौता कमानेवाला होने की वजह से उसके माता पिता,पत्नी व तीन वर्षीय बच्चे अनुज कुमार का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने समाजसेवी सिकन्दर अली के माध्यम से मदद की गुहार लगायी थी।तभी इसकी जानकारी बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो के माध्यम से बगोदर प्रखंड अंतर्गत कुदर के रहनेवाले मोहम्मद वशिम शेख को मिली।उन्होंन तत्परता दिखाते वहां के अरबाब (मालिक) से संपर्क कर पूरी जानकारी ली और फिर इंडियन एंबेसी से संपर्क कर जेल रिहाई कर वतन वापसी करायी।

### कोयला के अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप

# खनन विभाग की कार्रवाई 13 ट्रक अवैध कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता



जब्त किये गये अवैध कोयला के साथ खनन पदाधिकारी।

**बरही।** उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर खनन विभाग ने बड़ी कारवाई करते हुए खान निरीक्षक सुनिल कुमार ने ईचाक थाना एवं बरही थाना के अन्तर्गत मुख्य सडक पर गहन छापेमारी की। छापेमारी मे बरही थाना मे 11 अवैध कोयला लोड ट्रक तथा ईचाक थाना मे 02 अवैध कोयला लोड टर्बो गाडी की जब्ती की गई। इस दौरान कुल 13 गाडीयों से लगभग 258 टन अवैध कोयला जब्त किया गया, जिसका अनुमानित बाजार मुल्य 18 लाख रुपए से अधिक है। खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा इस क्रम मे 12 लोगो को गिरफ़्तार किया गया।

कारवाई के क्रम में सदावृक्ष जयसवाल, उत्तर प्रदेश, अर्जुन रवानी, धनबाद, नारायण यादव, बोकारो, धर्मेंद्र राय, बिहार, ब्रज किशोर प्रसाद, बिहार, साहेब अली,धनबाद, लालचन्द यादव, उत्तर प्रदेश, अंकित कुमार सोनी,पदमा, मंजर अंसारी बगोदर, राजेंद्र कुमार, पदमा, मो मुबारक कटकमदाग, मो हसन मसरातू कटकमदाग कुल 12 लोगो को गिरफ्तार किया गया। इस मामले पर जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि कोयला विक्रेता सिंह इंजीनियरिंग धनबाद के मालिक, मुकेश कुमार अगरिया, कुजू,एस के कोक, धनबाद, सुनिल इंटरप्राईजेज, धनबाद, बब्लू मेहता, चूरचू, राहुल राणा, करमा, पदमा सहित 40 से अधिक लोगो को अभियुक्त बनाया गया है। दोनो थानो मे सभी के विरूद्ध खनन अधिनियम, वन अधिनियम, भारतीय दण्ड विधान के धाराओ के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी के मार्गदर्शन पर खनन विभाग अवैध कोयला कारोबार पर लगातार कार्रवाई कर कोल माफियाओं के हौसले पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बताते चलें कि इन दिनों कोयले की तस्करी चरम स्थिति में है।

जहाँ प्रतिदिन लाखो टन कोयला झारखंड से अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है।जिसमे सरकार की करोड़ों रुपये का राजस्व की चोरी धड़ले से हो रही है। जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार ने बताया किसी भी हाल में हजारीबाग जिले मे खनिजो को अवैध कारोबार होने नही दिया जायेगा। खान निरीक्षक के साथ साथ अंचल अधिकारीयो द्वारा लगातार अवैध कोल व्यापारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

## मिशन स्कूल पिपचो से होता है धर्मांतरण : सांसद प्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता







**दारू।** प्रखंड में धर्मांतरण से जुड़े मामले में निरंतर नए नए खुलासे हो रहे है अब जनप्रतिनिधियों का गुस्सा ईसाई मशीनरी और उनसे जुड़े एजेंटों के खिलाफ बढ़ता जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा के दारू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि मंगलवार को बड़वार विरहोर टोला पहुंचे जहां उन्होंने धर्मांतरण किये लोगों से भेंट की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि पिपचो स्तिथ मिशन स्कूल से धर्मांतरण का अड्डा चलाया जा रहा है। हर सप्ताह के शनिवार और रविवार को प्रार्थना के नाम पर भोले भाले हिंदुओ को चर्च में बुलाकर उन्हें झाड़ फूंक के नाम पर धर्म परिवर्तन करने को प्रेरित किया जाता है ।

**अशोक कुमार कुशवाहा :** पूर्व जिला पार्षद प्रत्याशी सह सामजसेवी अशोक कुमार कुशवाहा ने कहा कि ये आम जनहित से जुड़ा मामला है । अवैध धर्मांतरण के खिलाफ लोगों को सामने आकर विरोध करना चाहिए यदि आज हम चुप रह गए तो आने वाली पीढियां हमे माफ नही करेगी। सांसद, विधायक से भी उन्होंने इस मामले में करवाई करने का आग्रह किया है।

**संजीत कुमार वर्मा :** प्रखंड अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजीत कुमार वर्मा ने कहा कि ईसाई मिसनरी अपना हद पार कर चुकी है यदि इन मिशनरियां के गुप्त मिशन पर रोक नही लगी तो भाजपा युवा मोर्चा इस मुद्दे को लेकर उग्र आंदोलन करेगी।

**संदीप कुमार दुकानदार :** झुमरा चौक में हार्डवेअर की दुकान चला रहे संदीप कुमार ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की जरूरत है, उन्होंने दारू थाना पुलिस से आग्रह किया है कि वो भी इस मुद्दे पर संज्ञान लेकर आवश्यक कानूनी करवाई करे।

## एटक का 42वां महाधिवेशन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



महाधिवेशन को संबोधित करतीं अमरजीत कौर।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन संघ एटक का 42वां पांच दिवसीय महाधिवेशन मंगलवार को केरल के अल्फुजा में सम्पन्न हुआ। महाधिवेशन में देश के विभिन्न प्रान्तों, उपक्रमों, संगठित और असंगठित संगठनों से कुल 1264 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महाधिवेशन में सर्व सर्वसम्मति से पुनः रमेन्द्र कुमार को एटक अध्यक्ष और अमरजीत कौर एटक महासचिव पद के लिए चयन किया गया। महाधिवेशन में चार विषयो को लेकर आयोग गठित किया गया था। श्रम अधिकारों पर हमला एव श्रम कानूनों का संहिताकरण, अंसगठित मजदूर को संगठित करना एव उनके हक-अधिकार के लिये लड़ना, सरकारी उपक्रमों का निजीकरण पर कैसे रोक लगाई जाए, एटक को मजबूत करना और आन्दोलन को तेज करना सहित करीब 27 प्रस्ताव पारित करते हुए आन्दोलन कि रूपरेखा तय की गई है। महाधिवेशन में देश के सभी श्रमिक संगठन इंटक, एचएमस, बीएमएस, सीटू, आदि के प्रतिनिधियों ने अधिवेशन में भाग लिया, विभिन्न देशों से आये 28 प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। झारखण्ड राज्य से प्रतिनिधित्व कर रहे झारखंड राज्य एटक महासचिव पीके गाँगुली, उप महासचिव अशोक यादव, ओमप्रकाश सिह, विधायक सीता सोरेन, ढुल्लू महतो, कोल फेडरेशन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल, अम्बुज ठाकुर, आलोका कुजूर, विनोद बिहारी पासवान, सतीश केशरी, सतीश सिन्हा, रोशन लाल चौधरी, प्रेम कुमार, अरबिंद शर्मा, विनोद मिश्रा, रामजी साह, बैजनाथ सिह, राजीव कुमार, राकेश चौधरी, सुनील साव, आदिल ने महासचिव अमरजीत कौर को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## अवैध खनन के विरुद्ध रामगढ़ जिला प्रशासन ने की कार्रवाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को खनन निरीक्षक विनोद विहारी प्रमाणिक के द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र में 1 एवं पतरातू थाना क्षेत्र में 3 स्टोन चिप्स लदे हाईवा वाहनों को चलान में अंकित मात्रा से अधिक स्टोन चिप्स का परिवहन करने का दोषी पाया गया। जिसके उपरांत वाहनों को संबंधित थाना में आगे की कार्यवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया।

एक नजर में

### जेएसएलपीएस कर्मियों के आंदोलन को मुखिया राजेंद्र प्रसाद एवं संजय मेहता ने दिया समर्थन

**बरही।** झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ लगातार मांगों को लेकर रांची राजभवन के समीप धरने पर बैठे है। कर्मियों की मांग है कि सरकार हमारे मानदेय को सीधे पहले की तरह हमारे खाते में दे। इस धरने में बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह युवा नेता संजय मेहता एवं धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुए।मांगो को समर्थन देते हुए संजय मेहता ने कहा कि आजीविका कैडरों द्वारा झारखंड में संचालित जेएसएलपीएस महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्र की सूरत बदलने में अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। इनकी माँगे जायज है. मानदेय को स्वयं सहायता समूह से लेना कर्मियों के स्वाभिमान पर आघात है। राज्य और केंद्र सरकार द्वारा दी गई जिम्मेवारी का निर्वहन आजीविका कैडर द्वारा किया जा रहा है। बावजूद उनके हक और हुकूक को सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जाता है। वही मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि आजीविका के सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण देकर सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, स्वास्थ्य, स्वच्छता, साक्षरता आदि रूप से सशक्त बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

### समाज के प्रति संवेदनशील जागृति महिला संघ ने वृद्धाश्रम में बांटे राशन

**हजारीबाग।** देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी पकरी बरवाडी कोयला खनन परियोजना की महिला विंग जागृति महिला संघ ने निरंतर समाज के उत्थान में योगदान दिया है। पिछले कुछ वर्षों में बात चाहे शिक्षा की हो, स्वास्थ्य की या महिलाओं के उत्थान की जागृति महिला संघ ने सभी वर्ग के लोगों के लिए बेहतरीन काम किया है। अब इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जागृति महिला संघ ने वृद्धाश्रम हजारीबाग में खाद्य सामग्री का वितरण किया है। जागृति महिला संघ ने बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए चावल,आटा,दाल, चना, सरसो तेल, चीनी,रिफाइंड ऑयल, चायपत्ती एवं पोषण से भरपूर सोया बरी का वितरण किया। वृद्धाश्रम में दिए गए ये राशन निश्चित तौर पर बुजुर्गों के लिए बड़ी राहत है जो दुर्भाग्यवश जिवन की अंतिम अवस्था बेबसी और मुफलिसी में गुजारने को बेबस हैं। जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव ने इस मौके पर कहा की बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है समाज के सामर्थ्य लोगों को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

### कंपनी को गैरमजरूआ भूमि हस्तांतरण के मामले को लेकर सीओ को दिया ज्ञापन

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना अधिग्रहण क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने बड़कागांव अंचल कार्यालय पहुंचकर गैरमजरूआ भूमि हस्तांतरण के मामलों को लेकर अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि हजारीबाग अपर समाहर्ता के द्वारा गैरमजरूआ जमीन को कंपनी को हस्तांतरण करने के लिए 5 मार्च 2022 पत्रांक 969 को अंचल कार्यालय भेज कर भू रैयतों को सूचित करने का निर्देश दिया गया लेकिन 9 माह बाद ग्रामीणों की आपत्ति दर्ज कराने के मात्र एक सप्ताह पहले अंचलाधिकारी द्वारा द्वारा गोंदलपुरा, गाली ,बलौदर,हाहे, फुलांग के भूरैयतो व ग्रामीणों को ना देकर महज कोरम पूरा करने के लिए बिजली पोल, पेड़ आदि में नोटिस चिपका दिया गया। जिससे आक्रोशित होकर अधिग्रहण क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीणों ने मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि कंपनी व सरकारी मुलाजिमों की मिलीभगत से क्षेत्र की जमीन को हड़पने की एक षड्यंत्र है जिसे किसी भी सूरत में नहीं होने देंगे और बरसों से जोत आबाद किए जा रहे भूमि को कंपनी को नहीं देंगे।

### दो वर्ष के बाद सूर्यकुंड मेले का होगा आयोजन

**बरकट्ठा ।** एशिया का सबसे गर्म कुण्ड सूर्यकुंड स्थल परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय विशाल मेले के आयोजन को लेकर अंचल कार्यालय बरकट्ठा में अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी के समक्ष मंगलवार को नीलामी बोली का आयोजन हुआ। डाक बोली सुरक्षित जमा राशि 23 लाख 13 हजार दो सौ पच्चीस रखा गया था। मेले की नीलामी 23 लाख 15 हजार में हुई। मेले को लेकर चौंथे राउंड के नीलामी डाक बोली में बेलकपी निवासी श्याम पांडेय ने अधिकतम बोली 23 लाख 15 हजार बोलकर मेला का डाक लिया। डाक बोली चार राउंड में संपन्न हुई। नीलामी में अमित कुमार पांडेय, शिशिर कुमार पांडेय, श्याम पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, जागेश्वर नायक शामिल हुए।

### बोलेरो गाड़ी नदी के समीप गड्ढे में गिरी, दो घायल

**बरकट्ठा ।** गोरहर थाना क्षेत्र के बेलकपी के निकट सूर्यकुंड नदी के समीप गड्ढे में एक बोलेरो गाड़ी जेएच 12 एस 5391 सोमवार के देर शाम में गिरी। उसपर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में तजमुल अंसारी पिता कारू अंसारी और कलीम अंसारी दोनों ग्राम औरा, बगोदर, गिरिडीह शामिल हैं। हादसे के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

### फरार चार वारंटी गिरफ्तार

**बरकट्ठा ।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के चांदगढ़ से न्यायालय से फरार चार वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार वारंटी में तेजो मिर्धा, छद्दू मिर्धा, सुरेंद्र मिर्धा, मोहन मिर्धा शामिल है।

## सीएम सुखाड़ राहत योजना को लेकर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने प्रखंडवार सुखाड़ राहत योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों एवं सीआई को पोर्टल पर ज्यादा से ज्यादा किसानो का पंजीकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही उप विकास आयुक्त ने ऑपरेटररों की संख्या बढ़ा कर हर स्थिति में आवेदनों को डीसी लॉगिंन में फॉरवर्ड करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं सभी सीआई को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी योग्य किसान लाभ से वंचित ना हो यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने परियोजना निदेशक आत्मा को सभी अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुखाड़ राहत योजना के तहत लंबित आवेदनों को दो दिनों के अंदर निष्पादित करते हुए ज्यादा से ज्यादा कृषक मजदूरों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मौके पर परियोजना निदेशक आत्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी विधि शाखा रामगढ़, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रामगढ़, सभी अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चला अभियान

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर सोमवार देर शाम को जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ओवरलोडेड खनिज लदे वाहनों, बसों व मालवाहक वाहनों की जांच की गई। साथ ही वाहनों के परमिट, फिटनेस, चालकों के लाइसेंस सहित विभिन्न दस्तावेजों की भी जांच की गई ।

## विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं सीएम : संजीव

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया व कार्यकर्ता।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक सोमवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया व संचालन सचिव उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया मुख्य रूप से मौजूद थें। सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का विस्तार करते हुए इसमें 105 लोगों को शामिल किया गया। बैठक में संगठन का विस्तार, बूथ कमेटी बनाने, सदस्यता अभियान चलान, पंचायत कमेटी आदि विषयों पर चर्चा की गई। मौके पर मुख्य अतिथि संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो जल, जंगल व जमीन की पार्टी है। इसे मजबूत करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि जमीन मजबुत रहेगी तो कार्यकर्ता से लेकर संगठन तक मजबुत होगा। श्री बेदिया ने कहा कि राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर विकास की किरण जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। यही कारण है कि झारखंड के तमाम लोगों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जिन लोगों को जगह दिया गया है वे पार्टी हित में कार्य करते हुए संगठन को और मजबुत बनाने का काम करें। इससे पूर्व संजीव बेदिया को झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य बनाए जाने पर बुके देकर स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

**बैठक में ये थे मौजूद :** मौके पर हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, संजय वर्मा, मुकेश राउत, इमामुल अंसारी, प्रदीप बेदिया, बिरेंद्र यादव, मुमताज अंसारी, अलीम अंसारी, जग्गू घांसी, अनिल एक्का, दौलत सिंह, नरेश बेदिया, बिहारी बड़ाईक, नकुल सिंह, लक्ष्मी, टिंकु बेदिया, टुनटुन बेदिया, गणेश बेदिया, जेठू महतो, अमित, परम नायक, सत्यनारायण यादव, सीताराम बेदिया, आशा राम बेदिया, शौकत अंसारी, अशोक दास, बलराम बेदिया, सूरज, रामविलास बेदिया, सुखलाल मांझी, बासुदेव उरांव सहित कई लोग मौजूद थें।

## वाहन जांच के दौरान गिरी महिला, हंगामा, रोड जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क जाम कर नारेबाजी करते स्थानीय लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ यााातायात पुलिस ने मंगलवार को भुरकुंडा थाना चौक के पास दोपहिया वाहनो की जांच के दौरान एक बाईक सवार महिला गिर गयी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने बाईक सवार को संभाल कर सडक किनारे किया। घटना बाद लोगो का गुस्सा यातायात पुलिस पर फुट गया। लोगो ने भुरकुंडा थाना चौक के पास सडक को जाम कर दिया। सडक जाम करने के बाद लोगो ने यातायात पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। सडक जाम की खबर के तुरंत बाद भुरकुंडा थाना पुलिस के कई पदाधिकारी जाम स्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस के अधिकारियों द्वारा समझाने बुझाने के बाद जाम हटा लिया गया। जाम कर रहे लोगो ने बताया कि यातायात पुलिस हर दो दिन के बाद जांच का बहाना बनाकर लोगो से पैसा वसूलती है। इसके साथ ही चलते वाहन को पीछे से पकड कर झटका देती है। जिससे अब तक कई बाईक गिरकर घायल हो चुके है। लोगो ने कहा हम लोग जांच अभियान के विरोधी नहीं है। लेकिन यातायात पुलिस जिस प्रकार चलती बाईक को जांच के नाम पर रोकने से लोग चोटिल हो जाते है। इसके साथ ही लोगो ने यातायात पुलिस पर आरोप लगाया कि वाहनो की जांच फोरलेन या एनएच पर होनी चाहिए। लेकिन पुलिस भुरकुंडा जैसे घनी आबादी में बैरियर लगाकर जांच करती है। जहा लोग बाजार से जरूरी खरीददारी के लिए घर से निकलते है और पुलिस पकड लेती है, जो बिलकुल ही गलत है। इधर पुलिस पदाधिकारियों का कहना है कि लोगाो के जांन की सुरक्षा को देखते हुए जांच किया जाता है। लेकिन लोग सडक पर बिना हेलेमेट ही सफर करते है, जो पुरी तरह गलत है।

स्पीड न्यूज

### लापता युवक का शव बरामद

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के बरिसा टोंगरी स्थित तालाब से पुलिस ने 5 दिनों से लापता मेहराब अंसारी का शव बरामद किया है। मृतक 15 दिसम्बर को अपने पिता की मौत के बाद से गायब था। गायब होने के बाद लगातार परिजनों उसकी तलाश कर रहे थे। जहां पुलिस ने आज सुबह उसका शव बरामद किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की छानबीन कर रही है।

### सूखा राहत योजना को लेकर बीडीओ ने किया निरीक्षण



**रायडीह।** झारखंड सरकार के द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री सुखा राहत योजना के खराब प्रदर्शन को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित मिश्रा के द्वारा सभी प्रज्ञा केंद्र की जांच की गई। जिमसें खराब प्रदर्शन करने वाले प्रज्ञा केंद्र संचालक को फटकार लगाई। कुछ संचालको से स्पष्टीकरण की मांग की गई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि हमारे रायडीह में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का आवेदन में खराब प्रदर्शन को देखते हुए सभी प्रज्ञा केंद्र का दौरा करना पड़ रहा है। इस मौके पर कृषि पदाधिकारी अंकित मिज मौजूद थे।

### डॉ. अनिल 24 को गुमला में

**गुमला।** रीढ़ की हड्डी, नश रोग व मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार 24 दिसंबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### जागरूकता वाहन को किया रवाना

**कैरो।** प्रखंड कैरो अन्तर्गत जेएसएलपीएस के द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान की शुरूवात के तहत जागरूकता वाहन को बीडीओ पवन कुमार, चंदन कुमार तिवारी, नितेश कुजूर, एसडी बीआरपी शीला उरांव, सुमिता कुमारी, गजाला प्रवीण, मुन्नी उरांव, हीरामुनी तिग्गा, सुषमा उरांव, बलराम केवट, और जेएसएलपीएस की महिलाएं ने मिलकर रवाना किया।इस जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न गांवों में जा कर लोगो को जागरूक करेगी।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही जामुन डीपा से अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध बालू का दोहन कोयल नदी एवं छोटी नदियों से बड़े पैमाने पर जारी है। जिसको लेकर लगतार क्षेत्र में पुलिस द्वारा छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान गुप्त सूचना पर कारवाई करते हुए महेंद्रा ट्रैक्टर जप्त कर थाना लाया और अग्रतर कारवाई हेतु सहायक खनन पदाधिकारी को सूचना दिया साथ ही रजिस्ट्रेशन नम्बर गाड़ी में अंकित नही होने के कारण परिवहन विभाग को भी कारवाई हेतु सूचना दिया गया।

### बीडीओ की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**कैरो।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक किया गया। जिसमें पंचायत वार समीक्षा करते हुए मनरेगा, पियम आवास, दीदी बाड़ी सहित विकास योजनाओं की समीक्षा कर सभी पूर्ण योजनाओं का अभिलेक्ष बंद करने व जरूरत के हिसाब से आवस्यक योजनाओं को प्रारम्भ करने, मानव दिवस बढ़ाने सहित आवस्यक दिशा निर्देश प्रखंड कर्मी व मनरेगा कर्मियों को दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, पंचायती राज पदाधिकारी सुनील कुंवर, आवास समन्वयक दिनेश कुमार, मुखिया सुमित्रा उरांव, अरविंद उरांव, श्रवण मुंडा, सुमन लकड़ा, परवेज अंसारी, मंसूर अंसारी, पंचम एतवा पहान, सुहैल अहमद सहित प्रखंड कर्मी, मनरेगा कर्मी व मुखिया, रोजगार सेवक मौजुद थे।

# एक ही रात दो घरों में चोरी, लाखों के गहने पर चोरों ने किया हाथ साफ

खबर मंत्र संवाददाता

**कुडू, लोहरदगा।** थाना से महज आधा किलोमीटर दूर देवी मंडप बाजारटांड़ तथा बरहनिया मुहल्ले मे चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। देवी मंडप बाजारटांड़ में सुनील सिंह के आवास का ताला काट कर चोरों घर में प्रवेश किया तथा गोदरेज को काट कर लगभग तीन लाख के जेवरात ले उड़े इसके अलावा बरहनिया मुहल्ले में एक घर से चोरों ने चांदी के जेवरात चुरा लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। सुनील कुमार सिंह की पत्नी नीतू सिंह ने कुडू थाना को दिए आवेदन में बताया है कि सोमवार को घर में ताला बंद करते हुए अपने गांव बालुमाथ थाना क्षेत्र के जाला गांव गए थे।



अलमीरा तोड़कर घटना को दिया गया अंजाम

मंगलवार सुबह देवी मंडप से ग्रामीणों ने फोन कर सुचना दिया कि घर के मुख्य गेट का ताला टुटा हुआ है तथा दरवाजा खुला है। घर के अंदर कमरे में सभी सामान बिखरा हुआ था तथा गोदरेज खुला हुआ था। जांच करने के बाद पता चला कि गोदरेज में रखा सोने का हार, सोने के चैन, सोने का दो झुमका, सोने का टाप्स, सोने का मंगलसूत्र, सोने का नथिया,सोने का मंगटीका तथा चांदी का दो जोड़ी पायल गायब है। इसके अलावा कुछ नगद राशि भी गायब है।

दुसरी तरफ चोरों ने बरहनिया गांव में सुजीत महली के घर से नगद तथा चांदी के जेवरात चोरी किया गया है। थाना से महज आधा किलोमीटर दूर चोरी की वारदात से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। हाल के दिनों में थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं से आमजन काफी परेशान हैं।

### नये मतदाताओं की सूची को लेकर डीसी ने किया निरीक्षण

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मंगलवार को सदर प्रखण्ड में हरमू पंचायत के नदिया ग्राम में नये मतदाताओं से संबंधित सुपरचेकिंग की गई।इस दौरान उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के मतदाता संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई और बीएलओ द्वारा बनाये गये मतदाता चेकलिस्ट से मतदाता के नाम का सत्यापन किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, उपायुक्त के स्टेनो लाल बालकिशोर नाथ शाहदेव, बीएलओ अभिषेक हिमांशु, सुपरवाईजर रामजीत भगत मौजूद थे।

एक नजर में

### अरु पावर सब स्टेशन का हुआ उद्घाटन



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र स्थित विद्युत पॉवर सब स्टेशन से अरु ग्रामीण क्षेत्र बिजली फीडर का अनावरण किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में सुचारू ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से सेन्हा विद्युत पॉवर ग्रिड से अरु ग्रामीण क्षेत्र के लिये विद्युत कनीय अभियंता सुजित कुमार द्वारा स्विच ऑन कर उद्घाटन किया गया। वही कनीय अभियन्ता ने बताया कि सेन्हा फीडर का 40 प्रतिशत लोड अरु फीडर में शिफ्ट किया जायेगा इस फीडर से अरु,कल्हेपाट,भड़गाँव,कण्डरा,कुन्दगड़ी,बुटी,झखरा क्षेत्र के ग्रामीण जनता को लाभ मिलेगा। मौके पर भोला साहु, उमेश उराँव, प्रमोद उराँव, संतोष केरकेट्टा,सुमित कच्छप सहित सभी विद्युत कर्मी उपस्थित थे।

### जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन को बैठक 22 को

**लोहरदगा।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक दिनांक 22 दिसंबर को अपराह्न 3.00 बजे से थाना रोड स्थित राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के आवास पर आयोजित की गई है। बैठक में संजय साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आगामी 20 जनवरी 2023 से झारखंड राज्य स्तरीय ओपन लोहरदगा एथलेटिक्स मीट के सफल आयोजन हेतु विशेष चर्चा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए सचिव सुखैर भगत ने सभी पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों से समय पर बैठक में उपस्थित होने को अपील की है।

## ठग कंपनियों ने करोड़ों परिवारों से धोखाधड़ी की है : आजाद



रैली में शामिल संगठनों के पदाधिकारी।

ठग कंपनी व मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर बडस एक्ट व राज्य के पीआइडी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार, तपजप झारखंड एवं ऑल इंडियन बाईक वोट टैक्सी यूनियन के सदस्यों के द्वारा मंगलवार को ठग कंपनी व मल्टी स्टेट क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाईटी के खिलाफ बडस एक्ट व राज्य के पीआईडी एक्ट के तहत धोखाधड़ी व ठगी का एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग को लेकर रैली निकाली गई और कचहरी परिसर में धरना दिया गया। संगठन के संयोजक मदन लाल आजाद ने कहा कि बेसिल इंटरनेशनल, सहारा इंडिया, साई प्रकाश, पीएसीएल, केबीसीएल, वीआईपी एचबीएन, साई प्रसाद, वेल्फेयर कलकत्ता वेयर आदि ठग कंपनियों व सोसाईटी के शिकार बने लाखों भारतीय नागरिकों ने आत्महत्या कर ली। ठग कंपनियों ने देश के लगभग बीस करोड़ परिवारों के साथ धोखाधड़ी किया है और राज्य एवं केंद्रीय अधिनियमों का उल्लंघन करते हुए गिरोहबंद होकर जनता से लाखों करोडों रूपये की ठगी की है। वहीं पुलिस धोखाधड़ी व ठगी के मुकदमे लिखने में घोर लापरवाही बरत रही है। वहीं पीड़ित लोग न्याय के लिए दर-दर की ठोंकरें खाने को विवश हैं। श्री आजद ने कहा कि देश भर में बडस एक्ट 2019 व अन्य कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करवाने हेतु राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आरंभ किया गया है। धरना प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को चार सूत्री मांग पत्र प्रतिनिधि मंडल को सौंपा गया। रैली सह धरना में डोमन साहु, मोहन साहु, नायक उरांव सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

# एग्री क्लीनिक की जानकारी लेकर उत्पादन में करें वृद्धि : उपायुक्त

कृषि विभाग, उद्यान, भूमि संरक्षण, सहकारिता विभाग, केवीके की समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग, उद्यान, भूमि संरक्षण , सहकारिता विभाग, केवीके की समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से संबंधित विभागों द्वारा कृषि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कृषि विभाग अंतर्गत एग्री क्लीनिक के विषय में लोगो को जागरूक करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ लेकर कृषि उत्पादन को बेहतर कर सके। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल की सफलता के पश्चात आगामी रबी फसल को भी सफल बनाने हेतु अभी से योजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि रबी फसल में भी कुछ नए तकनीक और तरीके अपनाते हुए किसानों को कम से कम लागत में अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए योजना बनाएं। साथ ही आवश्यकता को देखते हुए कृषकों को फसल उत्पादन की ट्रेनिंग देने की भी बात कही। उपायुक्त ने हॉर्टिकल्चर की ओर से रवि की



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त।

खेती करने हेतु किसानों के बीच प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पैकेजिंग एवं मार्केटिंग से संबंधित ट्रेनिंग देने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने सभी किसानों के जमीन का अनिवार्य रूप से सॉइल टेस्ट कराते हुए उनके मिट्टी की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को किस प्रकार की खेती करने से अधिक फायदा होगा उसके बारे में जागरूक करने को कहा। उद्यान विभाग अंतर्गत किसानों के बीच कृषि यंत्र का वितरण 29 दिसंबर से पूर्व कर देने का निर्देश दिया। उन्होंने कृषि उपकरण, पंप सेट, पार्कुलर टैंक, डीप बोरिंग आदि से किसानों को लाभान्वित करने की बात कही। उन्होंने उचित स्थानों का चयन करते हुए तालाब निर्माण करने का भी निर्देश दिया। जिला सहकारिता विभाग अंतर्गत 33 लैंप्स का चयन किया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि सभी लैंप्स में प्राथमिक उपकरणों का होना अनिवार्य है। सभी लैंप्स में वजन मापक मशीन, नमी मापक मशीन , एक्स्ट्रा स्टोरेज के लिए स्थान का चयन करते हुए एनओसी प्राप्त होना आवश्यक है। उपायुक्त ने सुखाड़ राहत योजना के तहत भूमि का सत्यापन करने की भी जिम्मेदारी जिला सहकारिता पदाधिकारी को सौंपी। बैठक में मुख्य रूप से जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, हॉर्टिकल्चर पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, एक्सिक्युटिव मजिस्ट्रेट के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में गणित सप्ताह के तहत सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन



**गुमला।** डीएवी स्कूल गुमला में गणित सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानाचार्य डॉ. रमाकान्त साहु ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में गणितीय अभिरुचि, तर्क क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित होगी। आज कक्षा नवम एवं एकादश के लिए सुडोकू प्रतियोगिता आयोजित की गई। शिक्षक पीके मोहंती ने कहा की सुडोकू जैसे गणितीय गेम खेलने से किसी समस्या के समाधान के प्रति लॉजिकल सोच का विकास होता है। अभिजीत झा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य गणित के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना है। सुडोकू में कक्षा एकादश के शिवांक कुमार ने प्रथम, एकादश की कृतिका मालानी ने द्वितीय एवं नवम के अच्युत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसे सफल बनाने में शिक्षक शैलेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, चंदन कुमार झा, संजीत कुमार ने भूमिका निभायी।

### कौशल विकास केंद्र घाघरा से 29 युवतियां प्रशिक्षण के लिए इरबा रांची रवाना



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के 29 युवतियों को कौशल विकास केंद्र घाघरा से 6 महीने के प्रशिक्षण हेतु वाजिर इरबा रांची प्रशिक्षण केंद्र मंगलवार को भेजा गया। बीडीओ विष्णु देव कच्छप ने हरी झंडी दिखाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने जा रही युवतियों को रवाना किया। इस मौके पर स्टेट कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार ने बताया कि कौशल विकास केंद्र घाघरा के द्वारा चयनित वाजीर स्किल इरबा रांची में सभी युवतियों को 6 महीने का सिलाई कढ़ाई और कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा जो आवासीय है। सरकार के चल रही इस योजना से इन लोगों को लाभ मिलेगा। श्री कच्छप ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर युवतियां आत्मनिर्भर बनेंगी। इस अवसर पर स्वयंसेवक श्याम कुमार साहू ,प्रमिला कुमारी ,रीता कुमारी, गुड़िया कुमारी, राधा कुमारी ,भगवती कुमारी, सुसंती कुमारी, सरोज कुमारी सहित 29 युवतियां शामिल थी।

# जनता दरबार में फरियादियों ने उपायुक्त के समक्ष रखी फरियाद

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर आवेदकों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने दूर दराज से आए जनता की समस्याओं को सुनते हुए ऑन द स्पॉट समस्याओं का निपटारा किया। इस दौरान जिले भर से लगभग 60 से अधिक जनता ने दरबार में आकर अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत करवाया । जनता दरबार में घाघरा प्रखंड के देवाकी ग्राम निवासी किसान अरूण साहू ने उपायुक्त को आवेदन देकर अपने खेत में बोरिंग कराने की मांग की। साथ घाघरा के चपका पंचायत के उपमुखिया संजय गोप ने चपका पंचायत में स्ट्रीट लाईट एवं सोलर लाईट में हुए घोटाला की जांच करने की मांग की है। करौंदी गुमला निवासी विमला देवी ने अपने खतियानी जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कराने व जमीन पर घर निर्माण कार्य को रूकवाने का अनुरोध किया। सिमडेगा अघरमा पुत्रीटोली निवासी भूतपूर्व लिपिक विधि शाखा गुमला के स्वर्गीय लाजरूस केरकेट्टा की पत्नी बेरोनिका केरकेट्टा ने अपने पति के मृत्यु पर अनुकंपा पर नौकरी एवं निलंबन अवधि का बकाया वेतन व भत्ता का भुगतान कराने की मांग की। घाघरा के स्वर्गीय भरथू मांझी के पुत्र बिरन मांझी ने बिहार सरकार द्वारा दी गयी जमीन को अवैध कब्जा से मुक्त कर दखल दिलाने हेतु सहायता करने हेतु अनुरोध किया। वहीं घाघरा बनसरी के पवन केवट ने जमीन के प्लॉट संख्या में सुधार कराने हेतु सहायता की मांग की। पालकोट बस स्टैंड निवासी वेदव्यास सिंह ने बड़े भाई द्वारा जमीन, घर व दुकान को जबरन कब्जा करने के संबंध में आवेदन दिया। वहीं लक्ष्मणनगर गुमला निवासी स्वर्गीय हेमंत कुमार पुरी उर्फ पंकज कुमार की पत्नी पूजा कुमारी ने अनुकंपा राशि देने हेतु सहायता करने की मांग की।

### डीसी ने इवीएम वज्रगृह का किया निरीक्षण

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मंगलवार को ईवीएम वज्रगृह, 72-लोहरदगा ( अ0ज0जा0 ) विधानसभा क्षेत्र, लोहरदगा) का मासिक निरीक्षण किया गया।मौके पर उपायुक्त ने सभी कमरों में रखे ईवीएम के रख रखाव की जानकारी ली।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार एवं निर्वाचन कार्यालय,लोहरदगा के कर्मीगण उपस्थित थे।

### सुखाड़ राहत योजना की सूची के सत्यापन को लेकर कृषक मित्रों के साथ पदाधिकारी ने की बैठक



**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील कुंवर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की सत्यापन को लेकर कृषक मित्रों के साथ बैठक किया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रत्येक गांव के किसानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के बाद कागजात की सत्यापन किया गया ।जिसके तहत एक ही परिवार के एक से ज्यादा सदस्य, जमीन सम्बन्धी कागजात, व अन्य कोई त्रुटि को लेकर कृषक मित्रों से जानकारी लिया गया। ताकि कोई भी उचित किसान लाभ लेने से वंचित न रह जाये और अबैध रूप से किसी के खाते में राशि न जाए इसपर चर्चा किया गया।

# बुलडोजर चलाकर सरकारी भूमि हुआ अतिक्रमण मुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के पीपल चौक के समीप कई वर्षों से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे लोगों पर मंगलवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बताते चलें कि चैनपुर मुख्यालय के पीपल चौक के समीप एक युवक के द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान का निर्माण किया गया था। जिसपर ग्रामीणों के द्वारा अंचल कार्यालय में आवेदन दिया गया था। वहीं आवेदन के आलोक में अंचल के द्वारा युवक को बार बार नोटिस देकर जमीन खाली करने का आदेश दिया गया। फिर भी युवक के



सरकारी भूमि पर बने मकान को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया।

द्वारा जमीन खाली नहीं किया गया। जिसके बाद अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने पुलिस बल के साथ मिलकर कब्जा किए गए जमीन पर बने अवैध दुकान को बुलडोजर से गिरा दिया। वहीं उसके अगले बगल की जमीन जो सरकारी है और उसमें जो कब्जा किए हुए हैं उन्हें 24 घंटे की मोहलत देकर जल्द ही खाली करने का निर्देश दिया। इस मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र में जितने भी लोग जो सरकारी जमीन पर कब्जे किये हुए हैं उनको अंचल के द्वारा नोटिस दिया जाएगा। नोटिस की तामील नहीं होने पर उनके द्वारा किये गये अतिक्रमण को बुलडोजर चलवाकर गिरा दिया जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी के कारवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है।

## विद्या भारती प्रतिभा चयन एवं प्रतिभा खोज की मुख्य परीक्षा आयोजित



परीक्षा में शामिल विद्यार्थी।

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित गुमला विभाग की प्रतिभा खोज और प्रतिभा चयन की मुख्य परीक्षा का आयोजन हुआ। इस परीक्षा में पर्यवेक्षक के रुप में साहिबगंज विभाग के सह विभाग प्रमुख रमेश कुमार उपस्थित थे। इस परीक्षा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सिसई, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा एवं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो के कुल चयनित 59 भैया- बहन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर लोहरदगा संकुल के संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सह संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास, शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, महेंद्र मिश्रा, मधुमिता शर्मा, गीता टोप्पो एवं गणेश कुमार उपस्थित रहे। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने रमेश कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### कांग्रेस के सिपाहियों को वापस संगठन में लाना है : चैतु उरांव



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी को संगठनात्मक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए मंगलवार को जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में पार्टी के सभी मंच मोर्चा की बैठक स्थानीय परिसदन में हुई। मौके पर जिलाध्यक्ष श्री उरांव ने कहा कि कांग्रेस के वैसे सिपाही जो किसी कारण से पार्टी से दूरी बनाये हुए हैं उन्हें संगठन में फिर से वापसी के लिए रणनीति बनाया जा रहा है। ताकि आने वाले दिनों में जिला कांग्रेस कमेटी को पूरी तरह सशक्त बनाते हुए पार्टी संगठन का विस्तार किया जा सके। श्री उरांव ने कहा कि मंच मोर्चों की स्थिति का भी बैठक के माध्यम से आकलन कर उसकी नींव को मजबूत करना है। इस अवसर पर आशिक अंसारी, चुमनू उरांव, आजाद अंसारी, राजीव रंजन महतो, दीपक कुमार, खालिद शाह, शाहजहां अंसारी, मो. कलाम, रामनिवास प्रसाद, मुख्तार आलम, अरूण गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं को शिक्षित और आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना जरूरी : डॉ वाघमारे प्रसाद

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि आज महिलाएं अगर असुरक्षित महसूस करती हैं तो उसके पीछे कुछ कारण हैं। इनमें शिक्षा और आर्थिक रूप से पिछड़ा होना एक कारण हो सकता है। आज महिलाएं असुरक्षित महसूस नहीं करें और वे सशक्त हों तो इसके लिए उनका शिक्षित होना और आर्थिक रूप से स्वावलंबी होना सबसे जरूरी है। जो महिला आज शिक्षित और



संबोधित करते डीसी।

अपने पैरों पर मजबूती से खड़ी हैं तो वे आत्मविश्वास से भरी होती हैं, खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। उक्त बातें उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में ग्रामीण विकास विभाग और शहरी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ



उपस्थित महिलाएं।

किये जा रहे लिंग आधारित हिंसा के विरूद्ध अभियान सहेंगे नहीं, कहेंगे की शुरूआत पर बतौर मुख्य अतिथि कही। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को अगर आगे बढ़ते हुए देखना है तो उसे किसी बंधन में ना बांधें। खासकर बच्चियां जहां पढ़ना चाहती हैं, उन्हें अवसर दें। लोहरदगा जिला प्रशासन द्वारा ऐसी बच्चियां जो 11वी या 12वीं कक्षा में पढ़ रही हैं और नीट/जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी करना चाहती है तो उनके लिए निःशुल्क कक्षा की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त ने कहा कि आज महिलाओं का स्वयंसहायता समूह कोई ना कोई व्यवसाय कर रहा है। इसे और बड़ा रूप देने की आवश्यकता है। आप इसे और आगे बढ़ाएं। जो पैसा कमाएं उसे अपने बैंक खाते में रखें। आर्थिक रूप से मजबूत रहेंगी और सुरक्षित महसूस करेंगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि पुलिस हमेशा आपके साथ है। आपको कोई भी समस्या हो तो आप अपने संबंधित थाना प्रभारी, महिला थाना या जिला के पुलिस अधीक्षक से सीधे शिकायत कर सकते हैं। आपको आर्थिक रूप से सशक्त होना चाहिए। अपना बैंक खाता अवश्य रखें। सरकार विभिन्न कार्यक्रम चला रही है जिसके तहत मुआवजा का प्रावधान है। आप इन सब बातों की जानकारी अवश्य रखें।

## स्पीड न्यूज

### गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद के वार्ड नं. 18 के ईदगाह के समीप निवर्तमान वार्ड पार्षद अनुराग सिंह कि मौजूदगी में नप ने 80 गरीब व असहाय लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। वहीं अजय कुमार यादव, अनूप कुमार सिन्हा, सबिया खातुन, बिलकिस बानो, पूनम देवी, शिव शंकर रजक, शकील हवारी, लक्ष्मी देवी, किरण देवी आदि लोगों को कम्बल उपलब्ध कराया गया। मौके पर निर्मल कुमार दास, संजीव पांडेय, उमेश कुमार, सुदर्शन श्रीवास्तव, सुरेंद्र भुईयां आदि मौजूद थे।

### आवेदन देकर सब्जी बाजार हटाने की मांग

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर हाई स्कूल के आसपास सब्जी बाजार लगने से पठन पाठन में हो रहे परेशानी को देखते हुए हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक रोहणी देवकांत पाण्डेय ने भवनाथपुर अंचलाधिकारी रमाकांत श्रीवास्तव को आवेदन देते हुए सब्जी बाजार को हटाने की मांग किया है। दिए आवेदन में लिखा है कि विद्यालय में लगभग 1900 छात्र छात्राएं पढ़ते हैं। जिनके आवागमन एवं पठन पाठन में विद्यालय परिसर के बगल में गुमटी एवं दुकान पर अनावश्यक लोगो का जमावड़ा अक्सर लगा रहता है। जिससे बच्चों में पठन पाठन के प्रति अरुचि उत्पन्न हो रही है। जिसका मुख्य कारण विद्यालय परिसर के पास लग रहा बाजार एवं दुकान गुमटी है। जहां पर बहुत से असमाजिक तत्वों के लोग जमे रहते हैं ऐसे स्थिति में रोड पर बच्चों के साथ दुर्घटना कभी भी हो सकती है। आपको बता दे कि इस से पूर्व के प्रधानाध्यापक ने भी आवेदन देकर बाजार हटाने की मांग किया था।

### नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन कल

**सिमरिया।** अनुमण्डल मुख्यालय के डाकबंगला परिसर में 22 दिसम्बर को समय 12 बजे से रांची लाइफ केयर के जाने माने शिशु रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह जांच शिविर जर्नलिस्ट एण्ड सिविल डेवलपमेंट सोसाइटी के सौजन्य से किया जा रहा है। जांच शिविर में रांची बूटी मोड़ स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल के शिशु रोग के गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर रंजीत कुमार, हड्डी रोग के गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर विभस चंद्रा शामिल होंगे। सोसाइटी के पत्रकारों ने संयुक्त रूप से कहा है कि क्षेत्र में शिशु रोग और हड्डी रोग सम्बंधी डॉक्टर नहीं रहने के कारण लोग हजारीबाग और रांची खर्च कर तथा फीस देकर इलाज कराना पड़ता है। इसी उद्देश्य से एक दिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिशु रोग और हड्डी रोग सम्बंधित मरीजों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर अपना निःशुल्क जांच करावे। यहां के लोग बाहर अन्यंत्र शहर जाकर तथा फीस देकर इलाज कराते है। यह सुनहरा अवसर है कि सिमरिया जैसे अनुमण्डल मुख्यालय में रांची के जाने माने तथा गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर निःशुल्क सेवा दे रहें है।

### वीबीडीए के कार्यकारी अध्यक्ष बने विवेक



**गढ़वा।** सदर अस्पताल स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में मंगलवार को वीबीडीए की एक बैठक सह वोलेंटियर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीबीडीए के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित राज्य समन्वयक सुनील मुखर्जी, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह एवं डीएस डॉ अवधेश सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर सुनील मुखर्जी ने रक्तदान के महत्व को विस्तार से बताया। वीबीडीए के राज्य प्रशिक्षण प्रभारी मदन भोंसले ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा के लिए रक्त की व्यवस्था कैसे की जाए उसके विषय में वोलेंटियर को जागरूक किया जाएगा। सिविल सर्जन ने कहा कि रक्तदान के क्षेत्र में अभी गढ़वा को और आगे ले जाने के जाने की जरूरत है। कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार चैबे, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि कंचन साहू, सतीश कुमार पांडेय आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत वीबीडीए के नए टीम का चयन किया गया। जिसमें विवेक तिवारी को कार्यकारी अध्यक्ष, विशाल कुमार को सचिव एवं दीपक कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष वैद्य ने किया। मौके पर डॉ ज्वाला प्रसाद, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार, डीपीएम प्रवीण सिंह, डॉ मुरली प्रसाद गुप्ता, रितेश चैबे, लक्ष्मी पांडेय, अवनीश दुबे, रामजी राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हटिया पूर्णिया ट्रेन से अंग्रेजी शराब बरामद

**कोडरमा।** आरपीएफ की टीम ने हटिया पूर्णिया कोर्ट सुपर एक्सप्रेस के कोच संख्या एसई से लावारिश अवस्था में रखे दो पिट्ठू बैग से करीब 17 अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वहीं आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहर लाल ने बताया कि उनके नेतृत्व में सोमवार को उप निरीक्षक अंकुर कुमार, आरक्षी विपिन कुमार, विकास कुमार मिश्रा, शंकर कुमार रेल एरिया व प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे थे। गश्ती के दौरान ट्रेन साधारण कोच के शौचालय के पास लावारिस अवस्था में दो काले रंग के पिट्ठू बैग दिखाई दिया। जिसके बाद दोनों पिट्ठू बैग को चेक किया गया तो उसमें 10 पीस ओल्ड मोन्स थ्रीपल एक्स प्रीमियम रम व 7 पीस रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हिस्की बरामद किया गया।

### गया की महिला को अश्लील मैसेज भेज कर परेशान करने वाला युवक धराया

कोडरमा। शादी शुदा महिला को मोबाइल से अश्लील मैसेज भेज कर परेशान करने के मामले में बिहार के बोधगया महिला थाने की पुलिस ने सोमवार को बेकोबार गांव के एक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। मामले में युवक की गिरफ्तारी के लिए बोधगया थाना के प्रभारी रवि रंजन दल बल के साथ यहां पहुंची थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक का नाम विजय कुमार है, जो बेकोबार गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि युवक पिछले दो माह से अश्लील मैसेज भेज कर परेशान कर रहा था। साथ ही उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसे लेकर महिला के पति ने उसे छोड़ दिया था। गिरफ्तार किए गए युवक के पास से मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। जिसमें लगे सिम कार्ड के नंबर से वह महिला को अश्लील मैसेज भेजा करता था। मामले में महिला ने थाने में मामला दर्ज कराई थी।

# गुड गवर्नेंस को लेकर डीसी ने लावालौंग प्रखंड क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण करते डीसी अबु इमरान।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के संभावित चतरा आगमन की तैयारी एवं 19 से 25 दिसम्बर तक सभी प्रखण्डों, पंचायतों, गांवों व टोला स्तर पर गुड गवर्नेंस सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के समस्याओं से अवगत होना और प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करना है। इसे लेकर मंगलवार को उपायुक्त अबु इमरान ने प्रखण्ड लावालौंग क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर चल रहे कार्यक्रम का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होने प्रखण्ड सह अचंल कार्यालय लावालौंग पहुंच पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति पंजी, कार्यालय में समय पर पदाधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति, लंबित आवेदनों, साफ-सफाई, पेजजल की व्यवस्था समेत अन्य कार्यों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं मौके पर उन्होने प्री मैट्रिक छात्रवृति, छात्रवृति, सावित्रीबाई फूले किशरी समृद्धि, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना समेत अन्य योजनाओं को लेकर शत प्रतिशत योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु विद्यालय, सीएससी केन्द्र, पंचायत भवन में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया। उक्त मौके पर उन्होने सभी केन्द्रों के संचालकों को प्राप्त होने वाले आवेदनों को शीघ्र निष्पादन करते हुए योजनाओं से शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। प्रखण्ड क्षेत्र निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लावालौंग का भी उन्होने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले सभी मरीजों का उचित इलाज के साथ-साथ आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हो एवं स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी हाइवा



**कोडरमा।** कोडरमा-कोवाड मुख्य मार्ग पंचखेरो नदी पुल के समीप चैबे की तरफ से पत्थर लोड कर आ रही हाइवा जेएच10एएक्स/2705 अचानक अनियंत्रित होकर सडक पर ही पलट गयी। घटना मंगलवार की अहले सुबह की बताई जा रही है। वाहन पलटने से आसपास अफरा तफरी का माहौल बन गया, हालांकि किसी प्रकार की जान माल का नुकसान नहीं हुआ। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन पलटने की आवाज सुनकर हम सभी वाहन के नजदीक पहुंच कर देखा तो हाइवा चालक वाहन में ही फसा था, जिसे हमसब ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा चालक अत्याधिक तेज गती से वाहन चलाते हुए जा रहा था और वह अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं हाइवा वाहन अनिरुद्ध राम का बताया जा रहा है।

# योग्य छात्राओं को दें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ : उपायुक्त

## समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा




बैठक करते उपायुक्त आदित्य रंजन।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कई निर्देश दिये। बैठक के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की प्रगति की समीक्षा प्रखण्डवार करते हुए डीसी श्री रंजन ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी को निर्देशित करते हुए प्रखंडवार स्कूलों की सूची बनाते हुए सभी सीडीपीओ और एलएस को प्रतिदिन 5-5 स्कूलों में भेजने और योग्य बालिकाओं का फॉर्म भरने को कहा, डीसी ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एक भी योग्य छात्रा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से वंचित नही रहे, योजना का लाभ शतप्रतिशत योग्य बालिकाओं को देना सुनिश्चित करें। बैठक में डीसी ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने, कोडरमा प्रखंड अंतगर्त चितरपुर बिरहोर टोला और चनाको के आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल केंद्र के रुप में विकसित करने, कुपोषण उपचार केंद्र में भर्ती बच्चों का उचित देखभाल करने, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, परियोजनाओं के सीडीपीओ आदि मौजूद थे।

# अपराधियों ने की गेरुआ पुल निर्माण स्थल पर फायरिंग, कोई हताहत नहीं



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा में गेरुआ पुल निर्माण कार्यस्थल पर अपराधियों ने हवाई फायरिंग की। घटना मंगलवार की करीब 12 बजे की है। अपराधियों द्वारा बेखौफ होकर गोली चलाने की घटना से लोगों में दहशत व भय का माहौल बन गया। फायरिंग करने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार औद्योगिक नगरी के मुख्य शहीद चौक समीप गेरुवा पुल का निमार्णाधीन प्रत्येक दिन के अनुसार मंगलवार को भी कार्य किया जा रहा था। इस दौरान अज्ञात दो अपराधियों ने कार्य करा रहे साइट इंचार्ज से मुलाकात किया एवं उनसे कहा कि विकास तिवारी से बिना बात किए काम नही कर सकते हैं, अभिलम्ब काम बंद कराने की धमकी दिया। इस दौरान दो अज्ञात अपराधियों ने धमकी देकर जाने के दौरान हवाई फायरिंग कर दिया। जिससे साइट में अफरा तफरी मच गया। लेकिन किसी को कोई हताहत नही हुवा। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जिसके बाद इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की सघन छानबीन की जा रही है ।वहीं अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी भी आरंभ की गई है। जानकारी के अनुसार अपराधियों के द्वारा लेवी और रंगदारी को लेकर इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन के बाद ही स्पष्ट रूप से कुछ बताने की बात कह रही है।

# उद्योग विभाग ने की योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक




**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास अयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में डीआईसी प्रबंधक कुमार शुभाशीष द्वारा जानकारी दी गई कि कुल लक्ष्य 141 प्राप्त है। जिनमे से अभी तक ऑनलाईन आवेदन 186 बैंक को भेजी गई है। लोन स्वीकृति हेतु 58 आवेदन बैंक के द्वारा स्वीकृत की गई है एवं 44 आवेदन लंबित है तथा 84 आवेदन अभी तक बैंको द्वारा अस्वीकृत किया गया है। कुल आवेदनों में से 13 आवेदन कताओं का भुगतान कर दिया गया है। जिसे लेकर उप विकास आयुक्त द्वारा नराजगी जताते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा 31 दिसम्बर तक लंबित आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही गई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से जिला अग्रणी प्रबंधक देवव्रत शर्मा, डीआईसी प्रबंधक कुमार शुभाशीष, मनीष कुमार, अमित कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### शिकायत मिलने पर बीडीओ ने स्कूल का किया निरीक्षण

**चतरा।** पत्थलगड़ा प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय सिंघानी में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में कई अनियमितताएं मिली। बीडीओ ने संबंधित लोगों से अनियमितता दूर करने का निर्देश दिया। प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शिकायत की थी कि यहां भवन जर्जर है। परिसर में गंदगी का अंबार है और अन्य सुविधाएं भी नहीं है। सूचना के बाद बीडीओ यहां पहुंचे और विद्यालय के जर्जर भवन, शौचालय, पेयजल और मध्यान्ह भोजन योजना की जानकारी ली। प्रधानाध्यापक चेतलाल रजक व अन्य शिक्षकों से पूछताछ के बाद जर्जर भवन में पठन-पाठन नहीं करने का निर्देश दिया। जिस भवन का पीलर जर्जर है। उस कमरे को बंद कर दिया गया है। बीडीओ ने विद्यालय विकास मद से रंग रोगन और सफाई कराने का निर्देश दिया। बीडीओ मोनी कुमारी ने बताया कि प्रबंधन समिति के सदस्यों ने विद्यालय में की जा रही अनियमितता से संबंधित जानकारी दी। उसी के आलोक में विद्यालय का निरीक्षण किए। अभिभावकों और विद्यार्थियों ने यहां शिक्षक नहीं रहने का अभी मामला उठाया।

# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित 4 दिनी खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों के बीच जैवलिन थ्रो, शॉट पुट, बैडमिंटन, डिस्कस थ्रो, जूडो, कबड्डी और भारोत्तोलन समेत अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के लिए आयोजित गया था, इस दौरान छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं बालक वर्ग के कबड्डी में आकाश हाउस विजेता रहा, जबकि बालिका वर्ग में पवन हाउस विजेता रहा। इसके अलावा बैडमिंटन के बालक वर्ग में शौर्य, राजवीर, अनुज, आलोक, शौर्य, आभास, बालिका वर्ग में अंशु प्रिया, ऋषिका गुप्ता, सुहानी, रानी, अंजलि, सुनिधि को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला, जबकि गीत प्रतियोगिता में वंदना, मेघा, मोनिका, राजनंदनी, प्रथम श्री, समरीन, आभाष, संजना कुमारी, बिरेंद्र कुमार, पूजा कुमारी, आशिका सलूजा, अनुषा ज्योति को पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ, जबकि जूडो प्रतियोगिता में रोहित कुमार, लव कुमार, आलोक कुमार, अनन्या श्रीवास्तव, वंशिका सिंह, प्रेरणा कुमारी, नबीना बीका, संगीता कुमारी, जैबिन, आदित्य सिंह, रूपा पांडेय, रिहाना प्रवीण प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। मौके पर निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा, प्राचार्य नवीन कुमार, प्रवीण कुमार, शुभय कुमार व अन्य मौजूद थें।

# फुटबॉल प्रतियोगिता के महिला और पुरुष वर्गों में विजेता बना रमकंडा



विजेता टीम के साथ पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के रामासाहू स्टेडियम में खेले जा रहे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के तीसरे दिन पुरुष एवं महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला गया। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच रमकंडा व रंका के बीच खेला गया। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने मैच बराबरी पर रखा। दूसरे हाफ में रमकंडा के निरोज लकड़ा ने गोल मारकर रमकंडा को एक गोल की बढ़त बना दी। जो पूरे समय तक बरकरार रहा और रमकंडा एक गोल से इस प्रतियोगिता को जीत लिया। इस मैच के निर्णायक मोहम्मद शमशाद, जेम्स बड़ा, विजय सिंह थे। वहीं महिला वर्ग का फाइनल मैच भवनाथपुर और रमकंडा के बीच खेला गया। जिसमें रमकंडा की टीम ने भवनाथपुर की टीम को दो गोल से पराजित कर दिया। रमकंडा की ओर से दोनों गोल दीपिका कुमारी ने किया। इस मैच के निर्णायक उपेंद्र कुमार, नीलकंठ सिंह व विजय सिंह थे। इससे पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, खेलकूद के विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मैच के दौरान गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद यादव, जिला सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नीतीश कुमार व अन्य मौजूद थें।

## एक नजर में

### विद्युत चोरी को लेकर चला छापामारी अभियान

**कोडरमा।** विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी के खिलाफ चलाए गए अभियान में 118 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें बिजली चोरी को लेकर 37 लोगों पर संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। वहीं इनपर करीब 5 लाख 67 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। विद्युत विभाग की टीम झुमरीतिलैया के विभिन्न क्षेत्रों में 62 लोगों के यहां छापेमारी की। जिसमें 21 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया। जिनके विरूद्ध करीब 3 लाख 35 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। वहीं कोडरमा में 27 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 7 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया। इनके विरूद्ध करीब 58 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। जबकि डोमचांच के 29 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 9 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। जिनके विरूद्ध करीब 1 लाख 74 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। यह जानकारी विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार ने दी। उन्होने बताया कि विभाग की ओर से विद्युत चोरी को लेकर क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है।

### चैकीदार पर महिला ने बलात्कार, गाली-गलौज का लगाया आरोप, एसपी को दिया आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र के फुलवरिया पंचायत अन्तर्गत वार्ड नंबर 10 निवासी 35 वर्षीय अनीता देवी पति महादेव पासवान ने सोमवार को एसपी कुमार गौरव को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उक्त महिला ने आवेदन में लिखा है कि मैं एक गरीब हरिजन महिला हूं और अपने गरीबी के कारण रेफरल अस्पताल डोमचांच में सफाई का काम किया करती हूं, जिससे अपने बच्चों का भरण-पोषण करती हूं। 17 दिसंबर को करीब साढ़े चार बजे मैं रेफरल अस्पताल डोमचांच से ड्यूटी कर घर पहुंची, इसी बीच चैकीदार लक्ष्मण पासवान ने मेरे घर में घुसकर गलत नियत से पकड़ लिया और हमारे साथ जबरदस्ती छेडछाड़ करने लगा। जब मैं इसका विरोध की तो हमें मार-पीट करने लगा और हमारे चिल्लाने के बाद हमारे बेटी और गोतनी हमें बचाने के लिए दौड़ी और बचाने का कोशिश की, जिसके बाद लक्ष्मण पासवान ने हमें छोड़कर गोतनी सुदमीया देवी को पकड़ लिया और उन्हें भी मारपीट करने लगा। इस दौरान सुदमीया देवी का कान कट गया, जिसे लेकर हम लोग नवलशाही थाना पहुंचे और थाना में आप बीती ब्यान सुनाने लगी, जिसपर थाना प्रभारी ने उल्टा हमें ही गाली देने लगे और कहा कि मेरा चैकीदार को ही बदनाम करती है। वहीं पिड़िता ने एसपी से आग्रह करते हुए मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

### डीसी ने किया कुंदा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश

**कुन्दा(चतरा)।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को कुन्दा प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ नाजिर कार्यालय, अंचल कार्यालय, सहित कई कक्ष का निरीक्षण किया।वही ग्रामीण क्षेत्र से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आए ग्रामीणों से मिले व उनके समस्याओं को सुनकर कार्य का निष्पादन करने का प्रखंड कर्मियों को निर्देशित किया गया।वही एक आवेदनकर्ता गुड्डू राम व भोला राम ने उपायुक्त को आवेदन देकर रजिस्टर 2 में छेड़छाड़ के मामलें में जाँच की मांग की है। वही एक अन्य आवेदनकर्ता भोला राम ने वर्षो से रह रहे भूमि पर भूमाफियाओं के द्वारा कब्जाने को लेकर उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित कर्मियों एवं पदाधिकारियों को ससमय कार्यालय में उपस्थित रहने व कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। वही प्रखण्ड कार्यलय पहुँचने के दौरान बुजुर्ग व्यक्ति से मिलकर उनका हाल-चाल जाना व ठंड से बचाव को लेकर कंबल प्रदान किया। इसके साथ ही प्रखण्ड कार्यलय कक्ष मे मुखिया से बातचीत के दौरान उपायुक्त ने कहा सरकारी नियमों में रहकर पंचायत क्षेत्र मे जरूरत के हिसाब से विकास कार्य को गति दे। वही दशकों से अधूरा पड़ा कॉलेज भवन, स्वास्थ केंद्र में डॉक्टर की कमी, ग्रामीण क्षेत्रों मे सड़क का अभाव समेत कई मूलभूत असुविधाओं को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए उपायुक्त। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खगेश कुमार,बीपीओ राजेश्वर कुमार,पंचायत सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य कर्मी व मुखियागण उपस्थित रहे।

### अदिति राज को किया गया सम्मानित



**गढ़वा।** राईज कम्प्यूटर सेंटर के परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान झारखण्ड राज्य में गढ़वा जिला का नाम रौशन करने वाली ज्योतिषाचार्य पंडित कुलमणि मिश्र की सुपौत्री अदिति राज लक्ष्मी को मां गढ़देवी की तस्वीर एवं प्रषस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर राईज कंप्यूटर सेंटर के संचालक बेलाल अंसारी ने कहा कि अदिति मेरे सेंटर में एक वर्ष से अध्यनरत है। राईज कंप्यूटर सेंटर के सलाहकार अधिवक्ता अनुप ठाकुर ने अदिति को इस उपलब्धि पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी अभिभावकों से बेटियों को प्रत्येक क्षेत्र में आगे लाने को प्रेरित करने की बात कही। ज्ञात हो कि अदिति ने द्वितीय झारखंड छात्र सांसद 2022 में गढ़वा जिले का प्रतिनिधित्व की। उन्होंने पलामू प्रमंडल में पहला तथा झारखण्ड में टॉप आठ में स्थान प्राप्त किया था। मौके पर मुख्य रूप से आरकेवीएस के असिस्टेंट प्रोफेसर राजेंद्र चैबे, गढ़वा डेंटल क्लिनिक के डॉ आफताब आलम, मनीष धर दुबे, अमलेश भारती, करामत अंसारी, राहुल कश्यप आदि उपस्थित थे।

### भाजयुमो ने किया हेमंत सरकार का पुतला दहन

**गढ़वा।** भाजयुमो गढ़वा जिलाध्यक्ष रीतेश चैबे की अध्यक्षता में मंगलवार को हेमंत सरकार का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्य के पूर्व रंका मोड़ पर हेमंत सरकार का शव यात्रा निकाला गया। इस दौरान कार्यकताओं व युवाओं ने झामुमो सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि हेमंत सरकार गलत नियोजन नीति बनाकर युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। गढ़वा सहित पूरे झारखंड में युवा त्राहि त्राहि कर रहे हैं। झामुमो सरकार ने युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने विभिन्न विभागों में लाखों युवाओं को रोजगार देने का काम किया था। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि झामुमो सरकार युवाओं को हर साल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था लेकिन गलत नियोजन नीति बनाकर ठगने का काम किया है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, अरुण तिवारी, अविनाश पासवान, विकास तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अनीत तिवारी, प्रवीण जायसवाल, विकास तिवारी, सुप्रीत केषरी, पुष्प रंजन सहित कई छात्र मौजूद थे।

### स्वावलंबी गांवों की महिलाएं लेंगी सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण



**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले के स्वाबलम्बी गांवों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर उन्हें सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देने की शुरूआत कोडरमा प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पंचायत जरगा के काझाटांड और गझण्डी के चनाको ग्राम में शुरू किया गया। डीएमएफटी योजना व महिला विकास केंद्र मयूरहंड के संयुक्त तत्वावधान में इन गांवों की महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मौके पर महिला विकास केंद्र के सचिव अनिल चंद्रवंशी, मुखिया रंजू देवी, पंसस पार्वती देवी, शत्रुधन कुमार, जल जीवन मिशन की श्वेता सिंह, चिंता देवी, मोनिका देवी, रीता देवी व अन्य मौजूद थें।

स्पीड न्यूज

## मैंने 'आप' को दिये 60 करोड़ रुपये : सुकेश



**नयी दिल्ली।** 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मंगलवार को सुकेश चंद्रशेखर को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जहां उसने आम आदमी पार्टी को 60 करोड़ रुपए देने का दावा किया। इस दौरान कोर्ट में अभिनेत्री जैक्लीन फर्नांडीज भी मौजूद थी। सुकेश चंद्रशेखर के वकील अनंत मलिक के मुताबिक, आज सुकेश चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि उन्होंने आम आदमी पार्टी को 60 करोड़ रुपये दिए।

## इपीएफओ ने 12.94 लाख अंशधारक जोड़े

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने अक्टूबर में 12.94 लाख अंशधारक जोड़े हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकडों में बताया कि 2,282 नए प्रतिष्ठानों ने पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत अपने कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा कवर सुनिश्चित करना शुरू कर दिया है।

## सेंसेक्स 100 अंक टूटा

**मुंबई।** मंगलवार को सेंसेक्स 103.90 अंकों की गिरावट के साथ 61,702.29 अंकों पर जबकि निफ्टी 35.15 अंकों की गिरावट के साथ 18,385.30 अंकों पर बंद हुआ।

## एलएसी पर भारत बना रहा पहला हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद अब वहां हालात सामान्य बने हुए हैं। यहां भारतीय सेना के जवानों ने अपनी बहदुरी से चीनी सैनिकों के इरादों पर पानी फेर दिया है। जानकारी के अनुसार एलएसी पर भारत अपना पहला हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट बना रहा है। इस प्रोजेक्ट से चीन घबरा रहा है। जानकारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट को बनाने में 47 करोड़ की लागत आएंगी। यह प्रोजेक्ट भारत तकसेंग सू नदी पर बना रहा है।

## जैकलीन के आवेदन पर कोर्ट ने इडी को जारी किया नोटिस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस के विदेश जाने की अनुमति देने के आवेदन पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को नोटिस जारी किया। जैकलीन फर्नांडीस 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में आरोपी हैं जिसमें ठग सुकेश चन्द्रशेखर भी शामिल है।

# बिहार-झारखंड निचले पायदान पर, पुडुचेरी-लक्षद्वीप-गोवा बेहतर राज्य

**सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स**

- लोगों की मूलभूत जरूरतों और संभावनाओं को परखा गया
- पानी, साफ सफाई, सुरक्षा, रहन सहन भी बने स्कोर के पैमाने

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स (सामाजिक प्रगति सूचकांक) जारी किया। इसके मुताबिक पुडुचेरी, लक्षद्वीप और गोवा सबसे बेहतर राज्य हैं। जबकि, आइजोल (मिजोरम), सोलन (हिमाचल) और शिमला सबसे बेहतर जिलों में शुमार हैं। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पटीटिवनेस एंड सोशल प्रोग्रेस इम्परेटिव के साथ मिलकर ये आकंड़े जारी किए। बता दें, राज्यों और जिलों की यह स्थिति 12 पैमानों के आधार पर तय की गई है। इन पैमानों में लोगों की मूलभूत जरूरतों और संभावनाओं का खास ख्याल रखा गया है। इनके अलावा पोषण, मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं, पानी, साफ सफाई, सुरक्षा, रहन -सहन, पर्यावरण की स्थिति और आधुनिक शिक्षा तक पहुंच को पैमाने के तौर पर आंका गया है।

### 6 टायर में बंटा देश



मालूम हो कि इस इंडेक्स के लिए देश के सभी राज्यों और जिलों को 6 टायर में बांटा गया। पुडुचेरी का सोशल प्रोग्रेस इंडेक्स में स्कोर 65.99 रहा, जबकि सबसे निचले पायदान पर बिहार और झारखंड रहे। ईएसी-पीएम के चेयरमैन विवेक देवरॉय ने यह रिपोर्ट जारी की। आधिकारिक बयान के अनुसार, दीर्घावधि में सतत आर्थिक वृद्धि के लिए सामाजिक प्रगति जरूरी है। यह सूचकांक आर्थिक वृद्धि और विकास के परंपरागत उपायों का पूरक है। जिन टायर में देश को बांटा गया उनमें वेरी हाई सोशल प्रोग्रेस (पुडुचेरी से केरल), हाई सोशल प्रोग्रेस (जम्मू-कश्मीर से अंडमान निकोबार द्वीप), अपर मिडिल सोशल प्रोग्रेस (उत्तराखंड से मणिपुर), लोअर मिडिल सोशल प्रोग्रेस (हरियाणा से राजस्थान), लॉ सोशल प्रोग्रेस (उत्तर प्रदेश से मध्य प्रदेश), वेरी लॉ सोशल प्रोग्रेस (असम से झारखंड) शामिल किए गए।

### किसका कितना रहा स्कोर

पुडुचेरी- 65.99, लक्षद्वीप- 65.89, गोवा- 65.53, सिक्किम- 65.10, मिजोरम- 64.19, तमिलनाडु- 63.33, हिमाचल प्रदेश- 63.28, चंडीगढ़- 62.37, केरल-62.05, जम्मू-कश्मीर- 60.76, पंजाब- 60.23, दादर और नागर हवेली दमन और दीव- 59.81, लद्दाख- 59.53, नागालैंड- 59.24, अंडमान निकोबार द्वीप-58.76, उत्तराखंड- 58.26, कर्नाटका-56.77, अरुणाचल प्रदेश-56.56, दिल्ली- 56.28, मणिपुर-56.27, हरियाणा- 54.15, गुजरात- 53.81, आंध्र प्रदेश- 53.60, मेघालय- 53.22, पश्चिम बंगाल- 53.13, तेलंगाना- 52.11, त्रिपुरा- 51.70, छत्तीसगढ़- 51.36, महाराष्ट्र- 50.86, राजस्थान- 50.69, उत्तर प्रदेश- 49.16, ओडीशा- 48.19, मध्य प्रदेश- 48.11, असम- 44.92, बिहार- 44.47, झारखंड-43.95।

# कोरोना के बढ़ते मामलों पर सरकार सतर्क, आज बैठक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** चीन में कोरोना ने एक बार फिर से कोहराम मचा रखा है। कई दूसरे देशों में भी कोरोना के मामले बढ़े हैं। इस बीच देश में केंद्र सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया बुधवार को महामारी की स्थिति की समीक्षा करने वाले हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका, कोरिया, ब्राजील और चीन में मामलों में अचानक तेजी को देखते हुए देश में आए जाने वाले पॉजिटिव केसों के सैंपल्स की की जीनोम सिक्वेंसिंग कराना जरूरी है। भारतीय सार्स कोविड-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम नेटवर्क के माध्यम से कोरोना के खतरनाक वैरिएंट को ट्रैक करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव के मुताबिक, सभी राज्यों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि जहां तक संभव हो सभी कोरोना पॉजिटिव मामलों के नमूने दैनिक आधार पर आइएनएसएसीओजी जीनोम सीक्वेंसिंग प्रयोगशालाओं को भेजे जाएं। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इन प्रयोगशालाओं को मैप किया गया है।

# भारत-पाक मतभेद सुलझाना चाहें तो मदद को तैयार

## अमेरिका की पेशकश

**एजेंसी**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत की पैरवी की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा दोनों देशों की बातचीत से उनके लोगों की भलाई होगी। हमारे रिश्ते दोनों में से किसी के भी साथ शून्य नहीं हैं, बल्कि भागीदारी के हैं। हम दोनों देशों के बीच वाकयुद्ध नहीं चाहते हैं। नेड प्राइस ने कहा कि भारत के साथ हमारी वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है। पाकिस्तान के साथ हमारी गहरी साझेदारी के बारे में भी उन्होंने बात की है। सोमवार को दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेड प्राइस ने कहा कि दोनों देशों के साथ हमारी भागीदारी है। हम भारत और पाकिस्तान के बीच रचनात्मक बातचीत चाहते हैं। हमें लगता है कि इसमें पाकिस्तानी और भारतीय लोगों की भलाई है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों में से प्रत्येक अमेरिका के लिए अपरिहार्य है। हम मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं। बता दें, पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के समर्थन व प्रायोजन के खिलाफ भारत ने उसके बातचीत लंबे समय से बंद कर रखी है। 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद उसे साफ कह दिया गया है कि जब तक वह आतंकवाद खत्म नहीं करता, उसके साथ कोई बातचीत नहीं होगी। प्राइस ने कहा कि निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच मतभेद हैं और उन्हें दूर करने की जरूरत है। अमेरिका इन्हें सुलझाने में मदद को तैयार है। प्राइस ने कहा कि दुनिया भर के देशों ने पीएम नरेंद्र मोदी की पुतिन को दी गई सलाह कि 'यह युद्ध का युग नहीं है', का स्वागत किया था।

## स्टार्टअप्स के लिए भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को कहा है कि भारत स्टार्टअप्स के लिए दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत इकोसिस्टम है। इससे जाहिर होता है कि यहां के युवाओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में एक शानदार नींव डाली है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज के युवा ही स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर अमृतकाल के ध्वजवाहक होंगे। भारत स्टार्टअप्स के लिए दुनिया के तीसरे सबसे बड़े इकोसिस्टम के रूप में विकसित हुआ है।

## पीएम पर खरगे के बयान से संसद में हंगामा



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर खरगे के आपत्तिजनक बयान पर आज राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। भाजपा ने जहां माफी की मांग की। वहीं खरगे ने सफाई देते हुए कहा कि हमने संसद के बाहर ये बयान दिया था। भाजपा नेता पीयूष गोयल ने खरगे पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें सदन में रहने का कोई हक नहीं है। गोयल ने कहा जिस भाषा का प्रयोग किया गया है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने जिस तरह से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, निराधार बातें कही और देश के सामने झूठ पेश करने की कोशिश की, मैं उसकी निंदा करता हूं। मैं उनसे माफी की मांग करता हूं।

प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी सांसदों से किया आह्वान, कहा

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए चले जनांदोलन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के सभी सांसदों का मंगलवार को आह्वान किया कि वे अपने भोजन में ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज का खाना खायें और देश में भी इसके प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए जनांदोलन चलाएं। मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में यह आह्वान किया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल थे। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर बात हुई और प्रधानमंत्री ने सांसदों से सांसद खेल स्पर्धा आयोजित करने को भी कहा। बैठक में मोदी ने सांसदों को ज्वार-बाजरा जैसे मोटे अनाज का खाना खाने और देश में इसे बढ़ावा देने की सलाह दी और सांसदों से संसद में आज मोटे अनाज का विशेष भोज ग्रहण करने का आग्रह किया। खास बात यह है कि अगले साल जनवरी से संयुक्त राष्ट्र महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया है। मोटे अनाज का भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मोदी ने सांसदों से कहा कि 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर) के रूप में मनाया जाएगा। हम मिलेट्स से पोषण अभियान को बढ़ावा दे सकते हैं...लाखों लोग जी-20 से जुड़े आयोजनों, बैठकों एवं कार्यक्रमों में भारत आएंगे, जहां भी संभव होगा, हम खाने में उनके लिए मिलेट्स से बने कुछ व्यंजन भी रखेंगे।

## संसद में पीएम ने किया दोपहर का भोजन

### बाजरे के व्यंजनों का लुत्फ उठाया



मोदी ने मंगलवार को संसद में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और उपराष्ट्रपि जगदीप धखड़ के साथ दोपहर का भोजन किया। इस दौरान उन्हें बाजरे के व्यंजन परोसे गए। दरअसल, प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स से लिखा है, साल 2023 को हम अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में चिह्नित करने की तैयारी कर रहे हैं। हमें संसद में दोपहर के भोजन में बाजरे के व्यंजन परोसे गए। इसमें पार्टी लाइन से हटकर सभी की भागीदारी देखकर अच्छा लगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री करीब चालीस मिनट तक रहे। भोजन करने के दौरान मोदी के साथ कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा बैठे थे।

# बिहार पुलिस में 67 हजार 735 पदों पर होगी भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में नीतीश सरकार ने 13 एजेंडों पर मुहर लगा दी है। पुलिस विभाग में 67 हजार 735 पदों पर सीधी भर्ती के लिए स्वीकृति मिल गई है। बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर सीधी नियुक्ति के 48 हजार 447 पद और द्वितीय चरण के 19 हजार 288 पद समेत कुल 67 हजार 735 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रभाव से सामान्य भविष्य निधि अंशदान पर एक वित्तीय वर्ष में पांच लाख की ऊपरी सीमा निर्धारित करने के लिए नियमावली में संशोधन किया गया है।

### नीतीश कैबिनेट का फैसला

- >> डायल 112 के प्रथम चरण के लिए पुलिस संवर्ग और गैर पुलिस संवर्ग के कुल 7 हजार 808 पदों के सृजन की स्वीकृति
- >> निबंधन कार्यालय परसा, सोनपुर, पूर्णिया, बनमनखी, समस्तीपुर, दलसिंहसराय, रोसड़ा, बिहटा और दानापुर के क्षेत्राधिकार का पुर्ननिर्धारण के प्रस्ताव पर सहमति
- >> बिहार के 2 हजार 803 प्राइमरी स्कूलों में बेंच डेस्क क्रय के लिए 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति
- >> नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम के माध्यम से दो करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से खगोल एवं अंतरिक्ष विज्ञान निर्माण की स्वीकृति।

# जहरीली शराब कांड पर फिर संसद में बवाल

**बिहार में लगे राष्ट्रपति शासन, दौरा करेगी एनएचआरसी की टीम**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बिहार के छपरा जिले में जहरीली शराब पीने से 70 से ज्यादा लोगों की मौत का मामला मंगलवार को एक बार फिर से संसद में गूंजा। इस मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम छपरा का दौरा करने जा रही है, जिसे लेकर बवाल शुरू हो गया।

राज्यसभा में कांग्रेस की लीडरशिप में विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाया और वॉकआउट कर गए। कांग्रेस के अलावा बिहार की सत्ताधारी पार्टी आरजेडी, जेडीयू ने इस मुद्दे पर हंगामा किया। यही नहीं तृणमूल कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर एकता दिखाई। इन सभी दलों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह मानवाधिकार आयोग का बेजा इस्तेमाल कर रही है। शून्यकाल में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। वहीं लोकसभा में भी यह मुद्दा उठा और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के अलावा लोजपा (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने भी इस पर चर्चा की मांग की।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि एनएचआरसी को छपरा का दौरा करना चाहिए और हालात का जायजा लेना चाहिए। यही नहीं चिराग पासवान ने तो बिहार में राष्ट्रपति शासन की मांग कर डाली और जहरीली शराब कांड की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की। विपक्ष के सदन से वॉकआउट के बाद आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि भाजपा सरकार एनएचआरसी का राजनीतिक उपकरण के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी हर तीन महीने में जहरीली शराब से लोगों के मरने का मामला सामने आता है। लेकिन वहां का दौरा एनएचआरसी ने कभी नहीं किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या मानवाधिकार आयोग ने कभी मोरबी का दौरा किया है या फिर यूपी के अलीगढ़ एवं मध्य प्रदेश और हरियाणा का दौर किया है? इस तरह के पक्षपात के विरोध में ही विपक्ष के दलों ने सदन से वॉकआउट किया है।

# सनी ने करवाया बोल्ड फोटोशूट



दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी 'भागवा बिकिनी' विवाद को लेकर सुर्खियों में हैं। दरअसल, ये विवाद हाल ही में रिलीज हुआ शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पठान' का पहला गाना 'बेशर्म रंग' से शुरू हुआ, जिसमें दीपिका ने बगवा रंग की बिकिनी पहनी हुई है। इसी बीच अब सनी लियोनी का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सनी लियोनी ने हाल में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह समंदर किनारे फोटोशूट करवाती नजर आ रही हैं। इस फोटोशूट में वह केसरिया रंग की बिकिनी पहनी हुई हैं। सनी के वीडियो शेयर करते ही, अब उन्हें भी सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जाने लगा है। दीपिका की कॉपी करना सनी को भारी पड़ता दिख रहा है। वीडियो में समंदर किनारे पानी के बीच बोल्ड पोज देती नजर आ रही हैं। उनके इस वीडियो को इंस्टा पर अब तक 5 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा है, लेकिन इस वीडियो यूजर्स कम पसंद कर रहे हैं और इसके पीछे की वजह है सनी की केसरिया रंग की बिकिनी। यूजर्स उनके इस वीडियो पर कमेंट कर सनी लियोनी को बायकॉट करने की मांग कर रहे हैं।




# जश्न के दौरान बाल-बाल बची अर्जेंटीना की टीम बस से नीचे गिर सकते थे मेसी समेत पांच खिलाड़ी



**ब्यूनस आयर्स।** फीफा विश्व कप 2022 अपने नाम करने के बाद अर्जेंटीना की टीम अपने देश लौट चुकी है। यहां टीम के खिलाड़ी सभी देशवासियों और फुटबॉल फैंस के साथ 36 साल बाद मिली जीत का जश्न मना रहे हैं।

इस दौरान अर्जेंटीना की टीम बस में ट्रॉफी लेकर फैंस के साथ रैली में शामिल हुई थी। इस रैली के दौरान बड़ा हादसा टल गया और मेसी सहित पांच खिलाड़ी बाल बाल बच गए।

**कैसे टला हादसा :** अर्जेंटीना के सभी खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ एक बस में सवार होकर रैली में शामिल हुए थे। फैंस के साथ अर्जेंटीना की टीम शहर में घूम रही थी। मेसी सहित पांच खिलाड़ी ट्रॉफी लेकर बस की छत में बैठे हुए थे। तभी एक बिजली का तार इन खिलाड़ियों के सामने आ गया। शुरूआत में किसी की नजर इस पर नहीं पड़ी, लेकिन सही समय पर एक खिलाड़ी ने देख लिया और सभी को सतर्क किया। ऐन वक्त पर सभी खिलाड़ी झुक गए और बस बिजली के तार के नीचे से गुजर गई। इस तार से खिलाड़ियों को करंट लगने का खतरा नहीं था, लेकिन तार से टकराने पर ये खिलाड़ी बस से नीचे गिर सकते थे और बड़ा हादसा हो सकता था।

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को क्लीन स्वीप किया

**कराची।** इंग्लैंड ने रेहान अहमद (48/5) के पंजे और बेन डकेट (82 नाबाद) के अर्द्धशतक के दम पर मंगलवार को तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान को आठ विकेट से रौंदकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से जीत ली। पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 167 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद यह पिछले 10 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की नौवीं जीत है, जबकि इससे पहले 17 टेस्ट में उन्हें सिर्फ एक जीत मिली थी।

## रोहित, सैनी दूसरे टेस्ट से बाहर

**मुंबई।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज नवदीप सैनी चोट के कारण बंगलादेश के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गये हैं। बीसीसीआइ ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। बंगलादेश दौरे पर दूसरे वनडे के दौरान रोहित के अंगूठे में चोट लगी थी। बीसीसीआइ ने बताया कि रोहित मेडिकल टीम की निगरानी में है। मेडिकल टीम का मानना है कि चोट को पूरी तरह से ठीक होने के लिये कुछ और समय चाहिए, इसलिये रोहित फिलहाल अपना रिहैब जारी रखेंगे।

## 'मैं इतना बड़ा नहीं हूं', ईशान ने धोनी के साइन के साथ अपना ऑटोग्राफ देने से किया इनकार



**नयी दिल्ली।** भारत के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के बाद, अब घरेलू क्रिकेट में भी धमाल मचा रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में झारखंड की ओर वह शतक जड़कर केरल के खिलाफ एलीट ग्रुप मुकाबले में अपनी टीम को जीता चुके हैं। वहीं हाल ही ईशान के अनोखे अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है। दरअसल, एक फैन ने ईशान से फोन कवर पर उनका ऑटोग्राफ मांगा, लेकिन ईशान ने उस फैन के कवर पर ऑटोग्राफ देने से मना कर दिया। इसकी वजह यह थी कि उसी कवर पर पहले से ही भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का ऑटोग्राफ मौजूद था। ईशान अपने फैन से कहते हैं कि वह इतने बड़े नहीं हुए हैं कि धोनी के साइन के ऊपर साइन कर दें। इस घटना का वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ईशान कहते हैं, 'माही भाई का सिग्नेजर पहले से ही है, उसके ऊपर से मैं कहां घुस जाऊं। हम लोग वहां नहीं पहुंचे यहां हैं कि माही भाई के ऑटोग्राफ के साथ अपना ऑटोग्राफ दें। मैं इसके नीचे ऑटोग्राफ दे देता हूं।' गौरतलब है कि ईशान ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ 126 गेंदों में दोहरा शतका जड़कर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने का रिकॉर्ड बनाया था। एक इंटरव्यू में बोलते हुए, ईशान ने कहा कि अभी जब मैं अपनी हाइलाइट्स देखता हूं तो मैं अभी भी इस तथ्य के बारे में सोचता हूं कि 15 ओवर थे और शायद मैं 300 के लिए जा सकता था, लेकिन मुझे लगता है कि मेरी कलाईयों में ताकत खत्म हो गई थी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!